CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**पैसे बीमारी ठीक होने के बाद**
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक
न्यू बस स्टैण्ड, न्यू अंसारी होटल के बाजू से हाऊसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, शॉप नं. U/82, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं.- 7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 44 | अंक - 279 | राजनांदगांव, गुरूवार 28 अगस्त 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## ट्रंप को तगड़ा जवाब! अमेरिका छोड़ ब्रिटेन, जापान और दक्षिण कोरिया समेत 40 देशों के साथ डील की तैयारी में भारत

नई दिल्ली। अमेरिकी टैरिफ से सबसे पहले और सबसे ज्यादा संकट टेक्सटाइल सेक्टर पर पड़ने वाला है, क्योंकि अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है, जिसमें 25 फीसदी पेनाल्टी के तौर पर है. भारत ने अमेरिका के इस फैसले को एकतरफा और अनुचित करार दिया है. साथ ही भारत दूसरे विकल्पों पर भी विचार करना शुरू कर दिया है, ताकि टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सके.



दरअसल, भारत में बड़े पैमाने पर लोग टेक्सटाइल सेक्टर से जुड़े हैं, जिससे लाखों लोगों की नौकरियां खतरे में है, क्योंकि टैरिफ की वजह से अमेरिका से कपड़ों की डिमांड घटने वाली है. अगर ऑर्डर में गिरावट आती है, तो फिर उसका प्रोडक्शन पर असर दिखेगा, जो सीधे तौर पर रोजगार को प्रभावित करेगा. इसलिए अब भारत सरकार अमेरिकी बाजार के विकल्प के तौर पर करीब 40 अन्य मार्केट यानी दूसरे देशों में गारमेंट एक्सपोर्ट पर विचार कर रहा है.

समाचार एजेंसी PTI ने बुधवार को बताया कि भारत अपने कपड़ा निर्यात का विस्तार करने और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत के दंडात्मक आयात शुल्क के प्रभाव को कम करने के लिए ब्रिटेन, जापान और दक्षिण कोरिया समेत 40 प्रमुख बाजारों में पहुंच की योजना बनाई है.

### 590 अरब डॉलर का है मार्केट

नए 40 देशों के विस्तार का लक्ष्य पारंपरिक और उभरते, दोनों बाजारों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करना है. इन देशों का कुल मिलाकर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट: अमेरिकी टैरिफ का सीधा प्रभाव सीमित, चुनौतियों से निपटने के लिए उठाने होंगे ठोस कदम

अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ का सीधा असर भले ही सीमित दिख रहा हो, लेकिन इसके दूरगामी प्रभाव और चुनौतियों से निपटने को ठोस कदम उठाने होंगे। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी टैरिफ के अर्थव्यवस्था पर दूसरे और तीसरे चरण के प्रभाव चुनौतियां पेश करने वाले होंगे, जिनका समाधान करना बेहद जरूरी होगा। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में यह बात कही। मंत्रालय की ओर से जारी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि टैरिफ के प्रभावों और इससे जुड़े तमाम मुद्दों के समाधान के लिए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### दबाव में व्यापार ठीक नहीं, ट्रंप के टैरिफ के बाद मोहन भागवत बोले- किसी के उकसावे में न आएं



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने अमेरिकी टैरिफ के बाद स्वदेशी के लिए पहल करने की अपील की और सरकार को सलाह दी कि किसी के उकसावे में न आएं। भागवत ने ट्रंप को भी नसीहत देते हुए कहा कि दबाव में व्यापार नहीं किया जाता। दरअसल भागवत नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तीन दिवसीय कार्यक्रम 100 वर्ष की संघ यात्रा - नए क्षितिज को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोगों से बाहर के बने उत्पादों की बजाय घर के बने पेय और खाद्य पदार्थों का इस्तेमाल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सियोल पहुंचे सीएम साय: ATCA के प्रतिनिधिमंडल से मिले, छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं पर हुई चर्चा

रायपुर। सीएम विष्णु देव साय ने अपने दक्षिण कोरिया प्रवास के दौरान सियोल में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी सेंटर एसोसिएशन के चेयरमैन श्री ली जे जेंग एवं वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। ATCA एक सशक्त औद्योगिक नेटवर्क है, जिसमें आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, फार्मा और टेक्सटाइल क्षेत्र की 60 से अधिक प्रमुख कंपनियाँ शामिल हैं।



सीएम श्री साय ने ATCA प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार निवेशकों के लिए एक अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ली जे जेंग और उनके साथ आए वरिष्ठ अधिकारियों को आमंत्रित किया कि वे अपने आगामी भारत दौरे के दौरान छत्तीसगढ़ अवश्य आएँ और राज्य में उपलब्ध निवेश व सहयोग की संभावनाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन करें। ATCA ने छत्तीसगढ़ की कंपनियों के साथ बी2बी साझेदारी में रुचि दिखाई है। सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी और एम्स जैसे राष्ट्रीय संस्थान मौजूद हैं, जो विश्वस्तरीय प्रतिभा उपलब्ध कराते हैं। राज्य का 'प्लग एंड प्ले' इंफ्रास्ट्रक्चर और सशक्त लॉजिस्टिक्स नेटवर्क छत्तीसगढ़ को ATCA के अनुसंधान एवं विकास केंद्रों और भारत में उनके विस्तार का स्वाभाविक हब बनाता है।

### छत्तीसगढ़ में अनुकूल औद्योगिक नीतियाँ

सीएम श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ तेजी से विकसित हो रहा है और यहाँ उद्योग-अनुकूल नीतियाँ, प्रचुर प्राकृतिक संसाधन, कुशल मानव संसाधन तथा मज़बूत बुनियादी ढाँचा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, फार्मा और टेक्सटाइल जैसे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## गुजरात मॉडल चोरी का मॉडल, मुजफ्फरपुर में ऑपरेशन सिंदूर पर भी राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

मुज्जफरपुर। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को अपनी वोट अधिकार यात्रा के तहत मुजफ्फरपुर के गायघाट स्थित जारंग हाई स्कूल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर हमला बोला।



राहुल गांधी ने कहा कि देशभर में वोट की चोरी हो रही है। इसी के खिलाफ हमने यह यात्रा शुरू की है। इसकी सफलता देखकर मैं काफी उत्साहित हूं। यात्रा का आज 11वां दिन है और मुजफ्फरपुर पहुंचकर आप सबका समर्थन देखकर खुशी हो रही है। अब हम लोग सीतामढ़ी जाएंगे।

उन्होंने इस मौके पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और डीएमके सांसद कनिमोझी का आभार व्यक्त किया। राहुल ने कहा कि इतनी गर्मी के बावजूद बिहार आकर उन्होंने जिस तरह से हमारा साथ दिया है, वह सराहनीय है। आने वाले दिनों में हमारी सरकार बनेगी और जनता का समर्थन देश में नई क्रांति लाएगा। यह लड़ाई सांप्रदायिक ताकतों और वोट की चोरी करने वालों से है, जिसमें सभी दल एकजुट होकर साथ दे रहे हैं।

### पीएम मोदी पर लगाए गंभीर आरोप

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि ऑपरेशन सिंधूर के समय युद्ध विराम को लेकर पीएम मोदी ने अमेरिका के दबाव में घुटने टेक दिए थे। राहुल गांधी ने कहा कि जब युद्ध चल रहा था, तब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप ने मोदी को फोन किया और कहा कि 24 घंटे के भीतर युद्ध बंद कर दो। इसके बाद मोदी ने महज पांच घंटे के भीतर ही युद्ध बंद कर दिया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'भाजपा किसी संकट में आती है, तो ईडी आकर छापेमारी करती है'

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भारतीय जनता पार्टी और प्रवर्तन निदेशालय पर तीखा हमला बोला है। सिसोदिया ने आरोप लगाया कि जब भी बीजेपी किसी राजनीतिक संकट का सामना करती है, वह ईडी का इस्तेमाल कर अपने विरोधियों पर छापेमारी करवाती है। यह बयान सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की छापेमारी के बाद आया, जिसने दिल्ली में सियासी हलचल मचा दी है। आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा, कल ईडी ने सौरभ भारद्वाज के घर पर 20 घंटे तक छापेमारी की, आजकल ईडी का एक ही काम है कि जब भी BJP किसी संकट में आती है, और जनता अमित शाह, पीएम मोदी से सवाल पूछती है, तो ईडी आकर छापेमारी करती है। कल का सारा ड्रामा इसलिए रचा गया क्योंकि परसों इस देश ने पीएम मोदी से सवाल पूछा था कि आपकी डिग्री असली है या नकली, आप दिखाते क्यों नहीं। मामला कोर्ट में गया। पूरा देश जानता है कि डिग्री नकली हो तो नकली केस बनता है, इसलिए (शेष पृष्ठ 6 पर...)



मनीष सिसोदिया ने बीजेपी पर साधा निशाना

## सीरिया की राजधानी दमिश्क में इस्राइली ड्रोन से भीषण हमला; छह सीरियाई सैनिकों की मौत

दमिश्क। सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिणी इलाके में इस्राइली ड्रोन हमलों में छह सीरियाई सैनिकों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी सीरिया की सरकारी मीडिया और एक युद्ध निगरानी संगठन ने दी। सरकारी टीवी चैनल के अनुसार, मंगलवार को दमिश्क के दक्षिणी उपनगर किस्वाह में यह हमला हुआ। यहां हुए हमले में छह सैनिकों की जान गई। वहीं इस हमले पर इस्राइली सेना ने अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है।



### पिछले हमलों का सिलसिला

दिसंबर 2024 में सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता से गिरने के बाद से इस्राइल सीरिया के अलग-अलग हिस्सों में सैकड़ों हवाई और ड्रोन हमले कर चुका है। इन हमलों में सीरियाई सेना की कई संपत्तियां और ठिकाने तबाह हो चुके हैं।

### इस्राइल के निशाने पर अहम इलाका

ब्रिटेन में स्थित संगठन सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) ने बताया कि मंगलवार को हुआ हमला दमिश्क और दक्षिणी प्रांत स्वेदा को जोड़ने वाले इलाके पर हुआ। यही स्वेदा पिछले महीने भीषण झड़पों का गवाह बना था, जहां सरकारी समर्थक बंदूकधारियों और द्रूज अल्पसंख्यक लड़ाकों के बीच संघर्ष हुआ था। इस्राइल ने उस संघर्ष में द्रूज लड़ाकों का समर्थन किया था। द्रूज समुदाय इस्राइल में भी बड़ी संख्या में रहता है और देश की सेना में सक्रिय रूप से शामिल होता है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी ने बताया कि इलाके में कई ड्रोन हमले किए गए। एक हमला तो तब हुआ जब (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वैष्णो देवी लैंडस्लाइड में अब तक 30 लोगों की मौत, बढ़ सकता है आंकड़ा; जम्मू का देश से रेल-सड़क संपर्क टूटा

कटड़ा। श्री माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग के अर्धकुंवारी क्षेत्र में हुए भूस्खलन में मरने वालों का आंकड़ा 30 तक पहुंच गया है। जानकारी के मुताबिक कई स्थानों पर यात्री अभी भी फंसे हुए हैं और बचाव कर्मी बचाव कार्य में लगे हुए हैं। श्री माता देवा श्राइन बोर्ड की ओर से कहा गया है कि हाल ही में हुई लगातार बारिश और खराब मौसम को देखते हुए, सभी यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे मौसम में सुधार होने पर अपनी यात्रा की योजना फिर से बनाए।

रियासी के एसएसपी परमवीर सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के कटड़ा में वैष्णो देवी मंदिर के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 30 लोगों की मौत हो गई है। इसके अतिरिक्त, जम्मू के चनैनी नाला में एक कार गिरने से 3 श्रद्धालु बह गए। लापता तीन में से दो श्रद्धालु राजस्थान के धौलपुर और एक आगरा का रहने वाला है। रविवार से जारी वर्षा के कारण जम्मू की सड़कें व पुल झेल नहीं पाए और शहर में बाढ़ जैसे हालात बन गए।

इसके साथ ही जम्मू का देश से सड़क व रेल संपर्क पूरी तरह कट गया। मंगलवार रात भारी बारिश की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने रात नौ बजे के बाद अकारण घरों (शेष पृष्ठ 6 पर...)



### जम्मू की बारिश-बाढ़ ने लगाया ट्रेनों पर ब्रेक; 58 गाड़ियां हुई रद्द...18 के बदले गए रूट

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में भारी बरसात का दौर जारी है। जम्मू में बाढ़ और भूस्खलन ने बेहाल कर रखा है। इसका असर रेल यातायात पर भी दिख रहा है खासतौर पर जम्मू डिविजन खासा प्रभावित नजर आ रहा है। उत्तर रेलवे ने जम्मू कटरा रेलवे स्टेशनों पर आने-जाने वाली 22 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इससे पहले मंगलवार को 27 ट्रेनों को बीच में ही जहां का तहां रोक दिया गया था। अचानक ट्रेन कैंसिल होने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पठानकोट में माधोपुर हेडवर्क्स के चार फ्लड गेट टूटे, 65 कर्मी पानी में फंसे; हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू की कोशिश

रणजीत सागर डैम से बुधवार सुबह दो लाख से अधिक क्यूसेक पानी माधोपुर की ओर छोड़ा गया। दोपहर तक पानी को नियंत्रित करने के प्रयास किए गए ताकि माधोपुर हैडवर्क्स पर पानी रोकने के लिए बनाए गए गेटों को खोला जा सके। इस कार्य में विभाग के 65 कर्मचारी और अधिकारी बाहरी टीमों के साथ जुट गए। लेकिन अचानक पानी को रोकने के लिए लगाए गए 54 गेटों में से चार गेट बह गए, जिससे एक कर्मचारी बह गया। एक अधिकारी ने बहते हुए कर्मचारी को बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भी मुश्किल में पड़ गया। इस घटना के कारण लगभग 65 कर्मचारी और अधिकारी कश्मीर कैनाल में पानी आने के कारण फंस गए। इसके बाद जिलाधीश से संपर्क कर हेलीकॉप्टर के माध्यम से कर्मचारियों और अधिकारियों को निकालने का कार्य शुरू किया गया। दो हेलीकॉप्टरों की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राजस्थान हाईकोर्ट से आसाराम को बड़ा झटका, अंतरिम जमानत नहीं बढ़ेगी, बढ़ी मुश्किल



जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट से आसाराम को बड़ा झटका लगा है। जनवरी 2025 के तीसरे सप्ताह से लगातार जेल से बाहर चल रहे आसाराम की अंतरिम जमानत बढ़ाने से हाईकोर्ट ने इंकार कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब आसाराम को एक बार फिर जोधपुर की सेंट्रल जेल में सरेंडर करना होगा।

जानकारी के अनुसार, राजस्थान हाईकोर्ट में आसाराम की ओर से अंतरिम जमानत बढ़ाने के लिए याचिका दायर की गई थी। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की डबल बेंच ने याचिका पर सुनवाई की थी। कोर्ट ने 29 अगस्त तक अंतरिम जमानत बढ़ाने के साथ ही अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में तीन वरिष्ठ चिकित्सकों का मेडिकल बोर्ड बनाने का निर्देश दिया था, जिसमें दो कार्डियक और एक न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ शामिल थे। कोर्ट ने आसाराम की जांच के बाद मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट ईमेल के जरिए रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल को भेजने का आदेश दिया था। बुधवार को सुनवाई के दौरान सिविल अस्पताल अहमदाबाद की रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने आसाराम की अंतरिम जमानत बढ़ाने से इंकार कर दिया। इस फैसले से आसाराम को बड़ा झटका लगा है।

### रिपोर्ट- आसाराम की सेहत ठीक है

आसाराम की ओर से अधिवक्ताओं ने दलील दी कि फिलहाल गुजरात हाईकोर्ट से भी उन्हें 3 सितंबर तक अंतरिम जमानत मिली हुई है, इसलिए उनकी जमानत बढ़ाई जानी चाहिए। वहीं, सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता और राजकीय अधिवक्ता दीपक चौधरी ने कहा कि सिविल अस्पताल की रिपोर्ट के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राहुल ने चुनाव आयोग पर फिर बोला हमला; गुजरात की गुमनाम पार्टियों के 4300 करोड़ चंदे पर उठाए सवाल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर हमला बोला है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए चुनाव आयोग से सवाल किए हैं। राहुल गांधी ने जिस मीडिया रिपोर्ट को साझा किया है, उसमें दावा किया गया है कि गुजरात में कुछ अनाम दलों को 2019-20 और 2023-24 के बीच 4,300 करोड़ रुपये का चंदा मिला है। राहुल गांधी ने आयोग पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या चुनाव आयोग इसकी जांच करेगा या हलफनामा मांगेगा।



### राहुल गांधी ने उठाये सवाल

लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने एक्स पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की। इसमें दावा किया गया है कि इन दलों ने तीन चुनावों 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव तथा 2022 के विधानसभा चुनाव में कुल 43 उम्मीदवार उतारे थे, जिन्हें मिलकर सिर्फ 54,069 वोट मिले। वहीं, इनकी चुनाव रिपोर्ट में इन पार्टियों का खर्च 39.02 लाख रुपये दर्ज है, जबकि ऑडिट रिपोर्ट में 3,500 करोड़ रुपये के खर्च का हिसाब दिखाया गया है।

### क्या कानून बदल देगा चुनाव आयोग

एक्स पर हिंदी में लिखे पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि गुजरात में कुछ गुमनाम पार्टियां हैं जिनके नाम किसी ने नहीं सुने हैं, लेकिन उन्हें 4,300 करोड़ रुपये का चंदा मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि इन पार्टियों ने बहुत कम मौकों पर चुनाव लड़ा है या उन पर पैसा खर्च किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आगे चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए पूछा कि ये हजारों करोड़ रुपये कहां से आए? इन्हें कौन चला रहा है? यह पैसा कहां गया? क्या (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमेरिका के स्कूल में गोलीबारी से 3 छात्रों की मौत; 20 घायल, हमलावर भी ढेर



नई दिल्ली। अमेरिका के एक स्कूल में बुधवार को गोलीबारी हो गई। इस घटना में 3 लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में हमलावर भी शामिल है, जिसे मौके पर मार गिराया गया। घटना मिनेसोटा के मिनियापोलिस में एक कैथोलिक स्कूल में हुई।

यह कैथोलिक स्कूल एक प्राइवेट इलीमेंट्री स्कूल है, जिसमें लगभग 395 छात्र पढ़ते हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, गोलीबारी उस वक्त हुई, जब बच्चे सुबह के प्रार्थना सभा में मौजूद थे। घटना के बाद अभिभावक सकते में आ गए और मौके पर पहुंचकर बच्चों को घर ले जाते दिखे।

### डोनाल्ड ट्रंप ने जताया दुख

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घटना पर दुख जाहिर किया है। मौके पर एफबीआई के अधिकारी भी पहुंच गए हैं। होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने बताया कि सुरक्षा विभाग स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और स्थिति पर नज़र रख रहा है। पुलिस के मुताहिक, मंगलवार दोपहर के बाद से गोलीबारी की 3 और घटनाएं भी दर्ज की गई हैं, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 7 लोग घायल हो गए।

## 81 लाख के 20 इनामी समेत 30 नक्सलियों ने किया सरेंडर, सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर छोड़ा नक्सलवाद

बीजापुर। बीजापुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिले के विभिन्न थानों में सक्रिय कुल 30 नक्सलियों ने आज आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा से जुड़ने का फैसला किया। आत्मसमर्पण करने वालों में 20 नक्सलियों पर कुल 81 लाख रुपये का इनाम घोषित था। समर्पण करने वालो में डीवीसीएम, एसीएम, पीएलजीए, डीएकेएमएस सदस्य आदि शामिल हैं।



यह आत्मसमर्पण दंतेवाड़ा रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ बीएस नेगी व पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेंद्र कुमार यादव की उपस्थिति में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर किया। बताया गया है कि नक्सलियों के आत्मसमर्पण के पीछे कई महत्वपूर्ण कारण हैं, जैसे सुरक्षा बलों की सक्रियता और नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना, सड़कों का विस्तार, बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की पहुंच, शासन की नियत नेल्लानार योजना के तहत रोजगार, शिक्षा और मुलभुतसुविधाओ का विस्तार तथा संगठन में आंतरिक कलह, विचारधारा से मोहभंग और शोषण शामिल है। सरकार की पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित सभी नक्सलियों को प्रोत्साहन स्वरूप 50,000 -50,000 हजार की राशि का चेक प्रदान किया गया है। बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने नक्सलियों से अपील की कि वे शांति और विकास की राह चुनें और सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ उठाकर सम्मानजनक जीवन जिएं। उन्होंने कहा समाज और परिवार उन्हें वापस चाहता है।

CMYK

# आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में शासन की विभिन्न योजनाओं के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए करें कार्य : कलेक्टर

**○ ग्रामीण क्षेत्रों में आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में लाएं गति**
**○ अविवादित नामांतरण के लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में गंभीरता से पूर्ण करने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में शासन की विभिन्न योजनाओं आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए कार्य करना है तथा शासन की योजनाओं से जनजातियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करना है। इन ग्रामों में सेचुरेशन के लिए टीम बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सामाजिक भवनों का चिन्हांकन कर इसे सेवा केन्द्र के रूप में उपयोग करें तथा वहां प्रकाश, पेयजल तथा अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को विलेज विजन प्लान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की इस महती योजना में स्वयं सेवी संस्थाओं एवं समाजिक कार्यकर्ताओं की भी सहभागिता होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों के चिन्हांकित ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है। पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत सभी विभागों को व्यापक पैमाने पर शासन की योजनाओं से संबंधित गतिविधियों का आयोजन करें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी विभागों को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करना है। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन लेते हुए यथा शीघ्र प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कार्य करें।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है। इस योजना के माध्यम से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए कार्य करने कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आवास निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आवास जो बन गये है, उन्हें शीघ्र आबंटित करें। कलेक्टर ने जनदर्शन एवं राजस्व प्रकरणों के लंबित आवेदनों के स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अविवादित नामांतरण के लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में गंभीरता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अविवादित खाता विभाजन स्वामित्व योजना अंतर्गत अभिलेख वितरण, भू-बंटन के प्रकरणों की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अटल मानिटरिंग डेशबोर्ड में जिले का प्रदर्शन अच्छा होना चाहिए। इसके लिए सभी अधिकारी अच्छा कार्य करें। उन्होंने ई-ऑफिस के कार्य में गति लाने के लिए सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कक्षा 11वीं एवं 12वीं के लिए ऑनलाईन कोचिंग का कार्य प्रारंभ होना चाहिए। इसे यथाशीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत एवं पुनर्निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिशु संरक्षण माह अंतर्गत बच्चों को आयरन सिरप, फोलिक एसिड एवं अन्य दवाईयां, बच्चों का टीककारण, एग्रीस्टेक के प्रकरण एवं शासन के अन्य योजनाओं की समीक्षा की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के क्रियान्वयन के लिए एवं शत-प्रतिशत सेचुरेशन के लिए सभी विभाग कार्य करें। इसके लिए विशेष तौर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। आदि सेवा केन्द्र के माध्यम से आदि कर्म योगी अभियान के तहत सेचुरेशन के लिए सभी अच्छा कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान अंतर्गत 25 मापदण्डों में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत जनजातियों को लाभान्वित करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माणाधीन एवं पूर्ण आवासों के संबंध में जानकारी दी।

# शराब घोटाला के तर्ज पर पशु औषधि खरीदी में बड़ा भ्रष्टाचार उजागरः ननकीराम



रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने पशु पालन विभाग में दवाओं की खरीदी में हुए घोटाले की शिकायत की है। जिसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। विभाग के सचिव ने टीम बनाकर हफ्ते भर के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा है। ननकी राम कंवर ने आरोप लगाया कि, यह घोटाला बीते कई सालों से चल रहा है।

ननकी राम कंवर ने बताया कि, पशुपालन विभाग में दवाओं की खरीदी में अब तक अरबों का घोटाला हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि विभाग में 10 प्रतिशत की खरीदी की जा रही है और भुगतान पूरे 100 प्रतिशत का किया जा रहा है। औषधि खरीदी में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाए जाने के बाद विभाग हरकत में आ गया है।

ननकीराम कंवर ने अपने पत्र में आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल से लेकर अब तक पशु चिकित्सा विभाग में नियमों को ताक पर रखकर अरबों रुपये की दवाइयों की खरीदी की गई है। जिलों के उपसंचालकों के माध्यम से वैक्सीन, औषधि और सप्लीमेंट की खरीदी भंडार क्रय नियमों के विपरीत की जाती रही है।

ननकी राम कंवर की इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए 6 सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है और टीम को एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत में कहा गया है डीलरों और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से यह धांधली लंबे समय से चल रही है। ननकीराम कंवर ने मांग की है कि दवाइयों की खरीदी सीधे निर्माता कंपनियों से निविदा प्रक्रिया के आधार पर हो, ताकि गुणवत्तापूर्ण औषधि मिले और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगे। फर्जी बिलों के जरिये करोड़ों रुपये की रकम डीलरों और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जाती है। संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने मामले में जांच टीम गठित कर दी है। और टीम को सात दिन के भीतर तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन सहित अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

# उज्ज्वल का जिला स्तरीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन

**युगांतर के उज्ज्वल प्रोबेबल टीम स्कील और फिटनेस कैंप में**



राजनांदगांव(दावा)। शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र उज्ज्वल कुमार मरकाम कक्षा दसवीं ने अंडर-16 आयु वर्ग के जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया है। वे इस आधार पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ रायपुर द्वारा आयोजित प्रोबेबल टीम स्कील और फिटनेस कैंप में चयनित होकर भाग ले रहे हैं। यह कैंप 18 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित है। कैंप में शानदार प्रदर्शन के आधार पर छात्र के छत्तीसगढ़ की अंडर-16 आयु वर्ग की टीम में चयनित होने की संभावना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह तथा प्रबंध समिति ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# मां अंबेधाम सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में आरती एवं चालीसा संग्रह पत्रिका का विमोचन



**गणेश उत्सव पर भक्तों को होगी निःशुल्क उपलब्ध, दस दिनों तक चलेगा भव्य भंडारा**

राजनांदगांव (दावा)। लखोली जनता कॉलोनी वार्ड क्रमांक 31 स्थित मां अंबेधाम सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में गणेशोत्सव की तैयारियों का शुभारंभ मंगलवार 26 अगस्त की शाम विशेष रूप से किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भव्य धार्मिक आयोजन के बीच आरती एवं चालीसा संग्रह पत्रिका का विमोचन किया गया। गणेशोत्सव के दौरान यह पुस्तक सभी श्रद्धालुओं को निःशुल्क वितरित की जाएगी। मां अंबेधाम समिति द्वारा इस वर्ष गणेशोत्सव का 11वां पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले आठ वर्षों से यहां लगातार विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस बार पूरे दसों दिन प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हर वर्ष यहां का गणेशोत्सव पूरे क्षेत्र के लिए श्रद्धा और आस्था का केंद्र बन जाता है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा प्रकाशित आरती एवं चालीसा संग्रह पत्रिका भक्तों को भक्ति में और अधिक डूबने का अवसर देगी।

शिव वर्मा ने भी समिति को बधाई देते हुए कहा कि अंबेधाम समिति ने इस पत्रिका के माध्यम से भक्ति का एक सुंदर संग्रह भक्तों तक पहुंचाया है। इसमें 18 आरती और 14 चालीसा शामिल हैं जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष संकलन है। उन्होंने कामना की कि गणपति बप्पा सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करें और घर-परिवार में सुख-समृद्धि लाएं।

गप्पू सोनकर ने कहा कि अंबे धाम समिति की यात्रा अब 11 वर्षों में प्रवेश कर चुकी है। पहले यहां छोटे स्तर पर गणपति विराजमान किए जाते थे, लेकिन आज यह भव्य स्वरूप ले चुका है। उन्होंने बताया कि समिति ने निरंतर सेवा और भक्ति के कार्य किए हैं और 8 वर्षों से भंडारे की परंपरा को निभाते आ रही है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि गणेश उत्सव के दौरान होने वाले दसों दिन के विशाल भंडारे में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समिति और भक्तों के सामूहिक सहयोग से संभव हो पाया है। साथ ही उन्होंने बताया कि श्रद्धालु आरती एवं चालीसा संग्रह पुस्तक भी निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या में श्रद्धालु धार्मिक भक्ति और उल्लास से सराबोर दिखे। पूरे मंदिर प्रांगण में गणपति बप्पा मोरया और जय माता दी के जयघोष गूंजते रहे। मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था जहां दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना के बाद पत्रिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से महेश अग्रवाल, शिव वर्मा, संजय सरोदे, गप्पू सोनकर, सुरेश साहू, मोहन सिंह राजपूत, नवीन जैन, राजेंद्र श्रीरंगे, आशीष डोंगरे, आलोक श्रीवास्तव, टी.आर. ठाकुर, शंकर यादव, सोनू सोनकर, तनु श्रीरंगे, बृजेश महाराज, उभय लाल सोनकर, मन्नू शुक्ला, संतोष देवांगन, किशोरी पारख, राजेंद्र लड्ढा, दिनेश खंडेलवाल, गोमा कोठारिया, गौरव सोनकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

# भीम सेना संगठन ने की पुस्तकालय के लिए भवन की मांग

डोंगरगढ़ (दावा)। भीम सेना संगठन ने नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे से पुस्तकालय के लिए भवन की मांग की है, भीम सेना संगठन के अध्यक्ष चंद्रशेखर बोरकर ने बताया कि भारत की पवित्र धरती में जन्मे तमाम संतो, गुरुओं व महापुरुषों के जीवन संघर्ष पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन पिछले 5 वर्षों से लगातार संस्था द्वारा किया जा रहा है। किंतु अभी भी युवाओं को अपने महापुरुषों के बारे में जानकारी का अभाव है। इसीलिए एक ऐसा पुस्तकालय बनाया जाएगा, जिसमें भारत में जन्मे सभी महापुरुषों के बारे में जानकारियां व किताबें रहेगी, जिससे युवाओं को अपने महापुरुषों के बारे में सही जानकारी मिल पाएगी और उनके जीवन संघर्ष को पढ़कर वे आत्मसात होंगे, इसी प्रयास को आगे बढाते हुए संगठन द्वारा कई वर्षों से पुस्तकालय की मांग की जा रही है। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे के आश्वासन के बाद अब जल्द डोंगरगढ़ में पुस्तकालय खुल जाएगा।

# जन्मदिन पर अकबर को राहुल गांधी पर लिखी पुस्तक की भेंट



**नांदगांव के नेताओं ने दी बधाई और शुभकामनाएं**

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव के पूर्व प्रभारी मंत्री व पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर के जन्मदिन पर राजनांदगांव के नेताओं ने उन्हें राहुल गांधी पर लिखी एक पुस्तक भेंट की। बेहद सादगी के साथ जन्मदिन मनाने वाले अकबर ने लेखक दयाशंकर मिश्र की पुस्तक को गहन और विचारोत्तेजक बताया। उन्होंने बधाई देने के लिए पहुंचे कांग्रेसी नेताओं को धन्यवाद दिया। तत्पश्चात प्रदेश एवं राजनांदगांव की सियासी स्थिति को लेकर लंबी चर्चा हुई। प्रदेश में संगठन सृजन के तहत पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया को लेकर भी जानकारी ली। राजनांदगांव की सांगठनिक स्थिति पर भी उन्होंने चर्चा की। इससे पहले अकबर के राजधानी निज निवास में कांग्रेसी नेताओं ने मुलाकात के दौरान संगठन की मौजूदा स्थिति पर लंबी मंत्रणा की। बताया जा रहा है कि जल्द ही प्रदेश संगठन के माध्यम से ब्लॉक स्तर में नए पदाधिकारी मनोनीत किए जाएंगे। ऐसे में संगठन की स्थिति के मजबूत होने की संभावनाएं बढ़ जाएगी। पूर्व मंत्री अकबर ने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के विषय पर भी आवश्यक जानकारी ली। बाद में राहुल गांधी पर आधारित एक पुस्तक अकबर को भेंट दी गई। जिसमें प्रमुख रूप से कवर्धा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल, डोंगरगांव नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष वीरेन्द्र बोरकर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण मेश्राम, संयुक्त सचिव प्रदीप शर्मा तथा पूर्व पार्षद शरद पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे।

# सीनियर सिटीजन ग्रुप ने किया गांधी का अभिनंदन



राजनांदगांव (दावा)। सनसिटी परिवार कंचन बाग में सीनियर सिटीजन ग्रुप के अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने क्लब के सदस्य प्रदीप गांधी के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के चुनाव में सर्वाधिक मत प्राप्त कर विजय होने पर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर प्रदीप गांधी ने कहा कि मेरे राजनीतिक यात्रा का यह एक ऐसा पड़ाव है। जहां मुझे सभी राजनीतिक दलों के सांसदों का समर्थन मिला है तथा इस क्लब के माध्यम से हम अनेक रचनात्मक कार्यों को दिशा दे सकते हैं। आप सभी सीनियर सिटीजनों का प्यार और स्नेह मुझे मिला। यहां मेरे लिए गर्व गौरव की बात है तथा ऐसे ही समर्थन सदैव देते रहें, ताकि हम सभी आगे बढ़ते रहें। इस अवसर पर सदस्य पी पी सिंग विजय पटेल, बद्री प्रसाद महोबिया प्रवीण चौहान बृजमोहन खंडेलवाल राकेश ठाकुर सागर मुदलिया सुरेश गट्टानी नरेश कोठारिया श्याम राव कोठारे (पूर्व सैनिक) तथा समस्त सदस्यों के उपस्थिति में सभी ने पुष्प माला तथा मिठाई खिलाकर गांधी का अभिवादन किया।

# पार्थिव शिवलिंग बनाया, फुलेरा सजाकर शिव-पार्वती की पूजा अर्चना की



राजनांदगांव (दावा)। सुहागिन महिलाओं ने सोमवार की रात करू भात खाकर मंगलवार को दिन-रात निर्जला व्रत रखा और बुधवार को भगवान भोलेनाथ माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय की पूजा करके व्रत खोली। महिलाओं ने मंगलवार को रतजगा किया। मध्यरात्रि तक कहानी, कविता, धार्मिक पुस्तकों का पठन-पाठन किया। कुछ महिलाओं ने निर्जला न रखकर जलाहार करके व्रत रखा। पार्थिव शिवलिंग बनाकर, फुलेरा सजाकर शिव पार्वती की पूजा की। मायके वालों ने उपहार स्वरूप वस्त्र, आभूषण गिफ्ट भेंट किए। तीजा नहीं आने वाली महिलाओं के लिए माता-पिता भाइयों ने फलाहार व उपहार भी भेजे। सभी सामूहिक रूप से पूजा करके व्रत खोली। कुछ बहनों ने नदी सरोवर तालाब में जाकर बालू रेत मिट्टी का पार्थिव शिवलिंग बनाकर जलाभिषेक किया तथा विधि विधान से पूजा अर्चना की है। व्रती महिलाओं में पुष्पा लखन लाल, खुमेशवरी अंगेशवर सिन्हा, हेमलता बलदेव, छोटी सिन्हा ने बताया कि शास्त्रों के मुताबिक प्रति महिलाएं पार्थिव शिवलिंग का जल अभिषेक करके पूजा अर्चना करती है तो अनुवांशिक फल की प्राप्ति होती है। नदी तालाब किनारे पूजा करने से पुण्य लाभ प्राप्त होता है। धन-धान्य आरोग्य संतान स्वर्ग की प्राप्ति के साथ शारीरिक मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। अकाल मृत्यु नहीं होती है। शिव की कृपा हमेशा बनी रहती है। इस कलयुग में श्रेष्ठ बताया गया है। वह हर साल नदी किनारे जाकर तीज प्रति पर सुबह आरती शिवलिंग की पूजा करती है।

# महावीर सनसिटी में गणेश चतुर्थी पर्व की रहेगी धूम



राजनांदगांव (दावा)। महावीर सन सिटी परिवार में नगर व देश का सबसे बहुप्रतीक्षित पर्व गणेश चतुर्थी हेतु भव्य तैयारी ऊर्जावान अध्यक्ष आनंद चोपड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी, सचिव दिलीप गोलछा, कोषाध्यक्ष राजेश डागा के नेतृत्व में की गई। इस महापर्व के संयोजक अतुल चोपड़ा एवं अशोक अग्रवाल को बनाया गया है। ग्यारह दिनों तक मानो मेला लगा हो ऐसा प्रतीत होता है। जिसका बेसब्री से इंतजार सन सिटी के हर वर्ग को होता है। 27 अगस्त को दोपहर 3 बजे भव्य शोभायात्रा सनसिटी जंक्शन से निकलेगी तथा बीसीडी ब्लॉक एवं एबी बिल्डिंग भ्रमण करते हुए योगा शेड गणेश पंडाल में पहुंची। तत्पश्चात मूर्ति स्थापना व पूजन के मुख्य यजमान राजेश गीता डागा रहे। बाप्पा की मूर्ति का श्रृंगार नीलू अशोक अग्रवाल के द्वारा किया गया। रात्रि 8 बजे से ओपनिंग सेरेमनी मनोरंजन कार्यक्रम की प्रस्तुति सनसिटी युवा विंग के द्वारा दी गई। इसके तुरंत बाद सरप्राइज गेम्स खेला गया। जिसके प्रभारी मनीषा देवांगन, अर्पिता जेठानी, सजल पांडे, पूजा एवं रिया खंडेलवाल हैं। आज 28 अगस्त को 'हम साथ-साथ हैं' गेम्स, इसके प्रभारी विभा गुप्ता, मधु साहू, शारदा पांडे, योगिता डागा, कल्पना अग्रवाल, मिताली साहू होंगे। इसके बाद कई वर्षों से सुपरहिट धनवर्षा हाऊजी सुशील कृष्ण माहेश्वरी द्वारा आयोजित होगी। अगले दिन 29 अगस्त को म्यूजिकल अंताक्षरी होगा। इसके प्रभारी श्रद्धा रेड्डी, रितिका तिवारी, किरण खोटले, नीलम सोनी, श्रीयल पांडे व कान्हा शर्मा होंगे। 30 अगस्त को शानदार बॉलीवुड नाइट का आयोजन होगा। जिसके प्रभारी दीप्ति बिंदल, नीलम सोनी, उन्नति जैन, ट्विंकल चोपड़ा, अरुण डागा, जसप्रीत कौर व कान्हा शर्मा होंगे। 31 को पंचमी के दिन बाप्पा को छप्पन भोग लगेगा। इसके प्रभारी नीलू अग्रवाल, पिंकी माहेश्वरी, शांता माहेश्वरी राखी मलानी, पूजा बक्शी हैं। इसी दिन महारास गरबा का आयोजन होगा। जिसके प्रभारी मनीष साहिता, योगेश कोटक, कीर्ति भोजानी, रूपा कोटक, प्रगति साहिता, प्रिया भोजानी, देविका मानेक, अमीषा रायचा होंगे। 1 सितंबर को बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम केबीसी खेला जाएगा। जिसके प्रभारी रूपाली गांधी, ट्विंकल चोपड़ा, रिया खंडेलवाल एवं कान्हा शर्मा हैं। इसी कड़ी में 2 को मिस्टर एंड मिसेस सनसिटी का पहली बार आयोजन होगा। इसके प्रभारी राहुल कोठारी, अरुण डागा, कल्पेश चौहान, विशाल शर्मा होंगे। 3 सितंबर को सन सिटी गॉड टैलेंट का शानदार प्रोग्राम होगा। इसके प्रभारी दीप्ति बिंदल, रितिका तिवारी, नीलम सोनी, ट्विंकल, रिया, कुणाल व विशाल शर्मा होंगे। 4 को रॉक एन रोल विथ एडवेंचर खिलाया जाएगा। जिसके प्रभारी राहुल कोठारी व विशाल शर्मा हैं।

पीआरओ मनीष साहिता ने बताया कि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर सनसिटी के सभी शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए प्रभारी रूपाली गांधी, रुचि श्रीवास्तव, मधु रामटेके, देविका मानेक होंगे। 6 सितंबर को बाप्पा की विदाई के दिन सुबह 9 बजे से हवन पूजा, आरती, दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी होगी तथा 2 बजे विसर्जन जुलूस निकलेगा। जो सनसिटी में भ्रमण कर मोहारा जाएगा। जहां बापा को विदाई दी जाएगी। पूरे गणेश पर्व में रोजाना ड्रेस कोड भी रखा गया है। इसकी प्रभारी कृष्णा माहेश्वरी होंगी। प्रतिदिन सहयोगी परिवार हेतु हाईटी रहेगी। जिसके प्रभारी दिलीप गोलछा, राजेश सोनी उपहार, विनय गोयल व लालू सांखला होंगे। पूरे गणेश पर्व की पूजा हेतु प्रभारी राजेश डागा, गोविंद मलानी, राजेश गुप्ता अग्रहरि, ओमप्रकाश पोरवाल होंगे। जिनके नेतृत्व में हर दिन की पूजा आरती संपन्न होगी। उक्त जानकारी मनीष साहिता एवं योगेश माणेक ने दी।

# आज संस्कारधानी गरबा उत्सव का भूमिपूजन

राजनांदगांव (दावा)। शहर का भव्य संस्कारधानी गरबा उत्सव 2025 का भूमिपूजन कार्यक्रम 28 अगस्त को लखोली नाका मठपारा रोड स्थित शिवनाथ वाटिका राजनांदगांव में शाम 4:30 बजे से आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील अग्रवाल होंगे एवं विशिष्ट अतिथियों में शरद अग्रवाल, सचिन अग्रहरि, अमित जैन और अनुराग अग्रवाल शामिल रहेंगे।

## आयोजन समिति का हुआ गठन

गौरतलब हो कि यह संस्कारधानी गरबा उत्सव आयोजन का 9वाँ वर्ष है। इस वर्ष आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष कांत अग्रवाल, सचिव दिव्यांश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अवंत अग्रवाल, उपाध्यक्ष सौरभ कांकरिया, कार्यकारणी सदस्य प्रियेश जैन, राहुल चोपड़ा, शुभम जैन, संकल्प कन्नौजे, कृष्ण लोहिया, नमन पोद्दार, वैभव अग्रवाल, केतन चोरड़िया, विनायक जोशी, अर्पित अग्रवाल शामिल है। उक्त आयोजन के आयोजक संस्कारधानी गरबा उत्सव समिति और सह आयोजक अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि गरबा उत्सव में कई नए आकर्षण होंगे, जो इसे और विशेष बनाएंगे। समिति ने कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के जन्मदिन पर सौजन्य भेंट कर शुभकामना दी कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

इस अवसर पर विष्णु लोधी ने कहा कि भूपेश बघेल ने अपने कार्यकाल में छत्तीसगढ़ की जनता के उत्थान, किसानों के कल्याण, युवाओं के भविष्य निर्माण एवं प्रदेश की संस्कृति-संवर्धन के लिए जो कार्य किए हैं, वह ऐतिहासिक और प्रेरणादायी हैं। उनके नेतृत्व और सेवाभाव से प्रेरणा लेकर हम सभी को जनता की सेवा में तत्पर रहना चाहिए। विष्णु लोधी ने भूपेश बघेल के दीर्घायु, स्वस्थ और सफल जीवन की मंगलकामना करते हुए कहा कि आने वाले समय में भी वे समाज और प्रदेश का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## अनमोल दावा

> **सत्य कभी भी छिपता नहीं, वह सामने आ ही जाता है।**

## मेरिट बनाम मौकापरस्ती, राधाकृष्णन के सामने सुदर्शन

देश में उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। भाजपा की अगुआई वाले राजग तथा कांग्रेस की अगुआई वाले विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए ने अपने-अपने उम्मीदवारों का चयन कर लिया है। राजग ने सीपी राधाकृष्णन को प्रत्याशी बनाया है। इसके उलट आइएनडीआइए ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को प्रत्याशी बनाया है। ये दोनों राष्ट्र के लिए दो बिल्कुल विपरीत दृष्टिकोणों की तस्वीर पेश करते हैं। वास्तव में यह चुनाव मेरिट बनाम मौकापरस्ती की टक्कर है। सीपी राधाकृष्णन ने कोयंबटूर से दो बार सांसद के रूप में सेवा की और दशकों की निष्ठा के जरिए जनता का विश्वास अर्जित किया। झारखंड के राज्यपाल के रूप में उन्होंने संवैधानिक दायित्वों को गरिमा और दृढ़ता के साथ निभाया, आम आदमी से जुड़े रहे और सामाजिक परिवर्तन सुनिश्चित किया।

उनका उपराष्ट्रपति पद तक पहुंचना जनता और संविधान के प्रति आजीवन सेवा की मान्यता है। उनकी उम्मीदवारी तमिलों और दक्षिण भारत के कई लोगों के लिए व्यक्तिगत भावनाओं से जुड़ी है। यह संकेत है कि नई दिल्ली में उनकी आवाज मायने रखती है। यह कोई रहस्य नहीं कि कांग्रेस शासन के चरम काल में तमिलनाडु अक्सर राष्ट्रीय राजनीति से उपेक्षित महसूस करता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह स्थिति बदली है। राधाकृष्णन का उत्थान नए भारत की कहानी में तमिलनाडु की केंद्रीयता का सशक्त प्रतीक है। पीएम मोदी की तमिलनाडु के प्रति प्रतिबद्धता इस नामांकन से कहीं आगे जाती है। पिछले एक दशक में उन्होंने सुनिश्चित किया है कि तमिल नेता भारत की शासन प्रणाली में अग्रणी भूमिका निभाएं। जैसे कि डा. तमिलिसाई सैंदरराजन ने तेलंगाना और पुदुचेरी के राज्यपाल के रूप में अपनी विशेषज्ञता और नेतृत्व का प्रदर्शन किया। निर्मला सीतारमण का रक्षा और वित्त मंत्री के रूप में कार्यकाल भारत की आर्थिक दृढ़ता का वैश्विक प्रतीक बना है। डा. एस. जयशंकर की तीक्ष्ण कूटनीति और विदेश मंत्री के रूप में सेवा ने भारत की आवाज को विश्व मंच पर बुलंद किया है। ये सिर्फ प्रतीकात्मक नियुक्तियां नहीं हैं, बल्कि यह प्रमाण है कि पीएम मोदी तमिलनाडु को प्रतिभा का पावरहाउस और हमारी सामूहिक भारतीय विरासत का भंडार मानते हैं। संयुक्त राष्ट्र में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्राचीन तमिल ग्रंथ तिरुक्कुरल का उद्धरण देना, तमिल को विश्व की सबसे पुरानी भाषा घोषित करना या पवित्र सेंगोल को सम्मान की जगह देना, ये पल केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि तमिल पहचान को भारत के आत्मा का अभिन्न हिस्सा मानने का उत्सव हैं। इसमें काशी तमिल संगमम और सौराष्ट्र तमिल संगमम जैसी पहलें भी जुड़ जाती हैं, जो तमिल परंपराओं को अन्य क्षेत्रों की परंपराओं से जोड़ती हैं। राधाकृष्णन इसी एक भारत की भावना का प्रतीक हैं। इसके विपरीत आइएनडीआइए के चुनाव में अवसरवाद और पाखंड की बू आ रही है, जिससे साफ है कि यह गठबंधन सिद्धांतों से अधिक राजनीतिक अवसरवाद पर केंद्रित है। 2013 में जब रेड्डी को गोवा का पहला लोकायुक्त नियुक्त किया गया था, तब कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने उन्हें भाजपा का हां-में-हां मिलाने वाला आदमीज्ज् बताया था।

आज 2025 में वही कांग्रेस-नेतृत्व वाला गठबंधन उन्हें न्याय का चैंपियनज्ज् बता रहा है। रेड्डी का न्यायिक रिकार्ड भी विश्वास नहीं जगाता। 2011 में छत्तीसगढ़ में माओवाद विरोधी पहल सलवा जुडूम को खारिज करने का उनका फैसला भारत की माओवादी हिंसा से लड़ाई के लिए झटका माना गया। आज जब माओवाद की समस्या लगभग समाप्ति की ओर है, तब रेड्डी का फैसला कई सवाल खड़े करता है। क्या हम ऐसे व्यक्ति को उपराष्ट्रपति की कुर्सी पर देखना चाहेंगे?

# सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर पर खुली कांग्रेस की पोल

**योगेन्द्र योगी**

**बिहार में चल रही कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा राजनीतिक शोशेबाजी से ज्यादा कुछ बन कर नहीं रह गई है। मतदाताओं के अधिकारों को लेकर कांग्रेस और लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल हकीकत में कितने गंभीर हैं, इसकी पोल सुप्रीमकोर्ट ने खोल दी। सुप्रीमकोर्ट ने बिहार में वोटर लिस्ट में सुधार की प्रक्रिया में वोटरों की सहायता न करने को लेकर राजनीतिक दलों की खिचाई की। शीर्ष अदालत ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में छूट गए लोगों की मदद करने में उनकी निष्क्रियता पर सवाल खड़ा किया। कोर्ट ने एस. आई. आर. की प्रक्रिया में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बिहार की सभी 12 राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों को पक्षकार बनाया है। चुनाव आयोग पर आरोप लगाने वाले इन दलों की मुश्किलें बढ़ेंगी। अदालत ने राजनीतिक दलों से कहा है कि वे 8 सितंबर को होने वाली अगली सुनवाई से पहले स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताएं कि उन्होंने कितने लोगों की मदद की है। कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जताई कि 12 राजनीतिक पार्टियों की ओर से 1 लाख 60 हजार बूथ लैवल एजेंट नियुक्त किए गए हैं, लेकिन उन्होंने सिर्फ 2 ही लोगों के लिए लिखित में आपत्ति दर्ज कराई है।**

कोर्ट ने आपत्ति जमा करवाने की अंतिम तारीख 1 सितंबर को बढ़ाने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में दर्ज किया कि बिहार में 1 लाख 60 हजार से ज्यादा बूथ लैवल एजेंट हैं। यदि हर एजेंट 10 नाम भी वैरीफाई करे तो एक दिन में 16 लाख नाम वैरीफाई हो जाएंगे। ऐसे में पूरी लिस्ट को वैरीफाई करने में 4.5 दिन लगेंगे। कोर्ट ने पार्टियों को नसीहत दी है कि वे मतदाताओं की मदद करें। सभी पार्टियां अपने एजेंटों को निर्देश दें कि वे ऐसे लोगों की ओर से दावा दाखिल करने में मदद करें, जिनके नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल होने से रह गए हैं।



सुप्रीमकोर्ट के इस निर्देश से जाहिर है कि कांग्रेस और सहयोगी दल इस मुद्दे को बिहार विधानसभा चुनाव जीतने के लिए स्टंट बनाए हुए हैं। जमीनी स्तर पर मतदाताओं की मदद करने की बजाय कांग्रेस और विपक्षी दल चुनाव आयोग पर उंगलियां उठा रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर मतदाताओं के नाम काट रहा है। हालांकि कांग्रेस यह साबित नहीं कर सकी कि जिन मतदाताओं के नाम आयोग द्वारा हटाए गए हैं, वे किस राजनीतिक पार्टी के लोग हैं।

इनके नाम हटाने से कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को क्या चुनावी नुकसान होगा। ऐसे सवालों का खुलासा करने की बजाय कांग्रेस सिर्फशोर-शराबा कर रही है। केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर राहुल गांधी ने वोटर अधिकार यात्रा के दौरान आरोप लगाया कि राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) भाजपा की मदद के लिए वोट चुराने का निर्वाचन आयोग का संस्थागत प्रयास है। उन्होंने कहा कि हम निर्वाचन आयोग को बिहार में वोट चुराने की इजाजत नहीं देंगे। निर्वाचन आयोग भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रहा है। राहुल गांधी ने यह खुलासा नहीं किया कि वोट कैसे चुराए जाएंगे। साथ ही कि आयोग किस तरह बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की मदद कर रहा है। आयोग को क्या पता कि जिनके नाम तर्कसंगत कारणों से हटाए गए हैं, वे किसके समर्थक हैं। इससे पहले चुनाव आयोग की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए वकील ने कहा था कि आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के पिछले आदेश के मुताबिक ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल न किए गए 65 लाख वोटरों की बूथवार लिस्ट वैबसाइट पर डाल दी है।

लिस्ट में बाकायदा उन कारणों का भी उल्लेख किया गया है, जिनके चलते लोगों का नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किया गया। पब्लिक नोटिस में इस बात की भी जानकारी दी गई है कि लिस्ट में छूट गए लोग आधार कार्ड के साथ भी अपना दावा कर सकते हैं। आयोग की तरफ से यह भी कहा गया कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने के बाद किसी भी राजनीतिक पार्टी ने आयोग को लिखित में एतराज जमा नहीं किया

आयोग की तरफ से कहा गया कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में छूट गए लोगों को अपना नाम शामिल करवाने का मौका मिलेगा। ऐसे में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा का औचित्य समझ से परे है। सुप्रीम कोर्ट के तमाम निर्देशों पर आयोग ने अमल किया है। इसके बावजूद कांग्रेस आयोग पर लगातार आरोप लगाए जा रही है। सुप्रीमकोर्ट ने एक बार भी आयोग द्वारा की जा रही एस.आई.आर. की कार्रवाई पर संदेह व्यक्त नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट के सभी निर्देशों की आयोग ने पालना की है। इसके विपरीत विपक्षी राजनीतिक दलों की मतदाताओं के प्रति गंभीरता को कोर्ट ने उजागर कर दिया।

इससे बड़ा आश्चर्य क्या होगा कि लाखों बूथ एजेंट होने के बावजूद मतदाता सूची को लेकर विपक्ष की तरफ से सिर्फ 2 आपत्तियां दर्ज कराई गई। ऊपर से विपक्षी दल मतदाता सूची में हेराफेरी करने का आरोप लगा रहे हैं। विपक्षी दल एस. आई. आर. को लेकर वाकई गंभीर होते तो सुप्रीमकोर्ट उन्हें नोटिस जारी कर जवाब-तलब नहीं करता। इससे जाहिर है कि कांग्रेस और राजद ने चुनाव आयोग को निशाने पर लेकर बेवजह का चुनावी मुद्दा बनाया हुआ है। कांग्रेस इस मुद्दे को सुप्रीमकोर्ट तक ले गई, फिर भी कांग्रेस को कोई फायदा नहीं हुआ। इसके विपरीत कांग्रेस शासित राज्यों में भ्रष्टाचार और विकास के मुद्दे को लेकर भाजपा हावी रही है। बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण में हेराफेरी है।के आरोप अभी तक सतही साबित हुए हैं। कांग्रेस की मजबूरी यह है कि यदि वह बिहार में नीतीश कुमार की सरकार के खिलाफ विकास और भ्रष्टाचार को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाती है तो उसका चुनावी गठबंधन राजद के साथ है जिसका पुराना चुनावी इतिहास भ्रष्टाचार की काली कोठरी साबित हुआ है। ऐसे में कांग्रेस यदि भ्रष्टाचार का सवाल करती है तो उसे राजद के शासन के दौरान हुए चारा घोटाले सहित अन्य घोटालों पर सत्तापक्ष को जवाब देना होगा। कांग्रेस को यह समझना होगा कि अब वह दौर नहीं रहा जब मतदाताओं को वरगलाया जा सकता है।

## विचार सहिता

### सवाल-जवाब : किसी से बात करते समय मेरी जुबान लड़खड़ा उठती है

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



सवाल-जवाब : किसी से बात करते समय मेरी जुबान लड़खड़ा उठती है

आज की ज्ञान चर्चा में एक किशोर विद्यार्थी ने आचार्य सत्यव्रत को अपनी समस्या बताई और समाधान के लिए निवेदन किया। बातचीत कुछ इस तरह शुरु हुईः

किशोर : गुरुदेव !मेरा आत्मविश्वास कमजोर है। इसके कारण मुझे जीवन में बहुत कठिनाई होती है।

आचार्य सत्यव्रतः कैसी कठिनाई?

किशोरः मैं किसी कार्यक्रम में अपनी बात रखने के समय असहज हो जाता हूँ। यहाँ तक कि दो-तीन लोगों के छोटे समूह में भी कुछ बोलने से कतराता हूँ। मेरी जुबान लड़खड़ा जाती है। मुँह से शब्द नहीं निकलते। आवाज धीमी हो जाती है। मैं स्वयं को परास्त सा महसूस करता हूँ।

आचार्य सत्यव्रत : यह सब अनुभव करते समय आपके मस्तिष्क में क्या-क्या विचार चलते रहते हैं?

किशोर : मुझे यह लगता है कि मेरे वाक्य और तर्क कमजोर हैं। पता नहीं, लोग मेरी बात सुनेंगे या नहीं सुनेंगे। कहीं मैं असफल न हो जाऊँ। कोई मेरी बात सुनकर मेरी खिल्ली न उड़ा दे। बोलते समय मुझसे कोई गलती न हो जाए।

आचार्य सत्यव्रतः सर्वप्रथम तो मैं यही कहूंगा कि यह कोई बड़ी समस्या नहीं है।आपमें बस आत्मविश्वास की थोड़ी कमी है। यह दूसरों से व्यवहार के समय झलकती भी है। आपको आत्मविश्वास शब्द के अर्थ को देखना चाहिए। इसका अर्थ है, स्वयं पर विश्वास रखना। आप स्वयं पर विश्वास रखें। मन में यह भाव लाएँ कि मेरा भी एक अस्तित्व है। मेरे पास अपने मौलिक विचार हैं। मैं दूसरों से कोई कम महत्वपूर्ण नहीं हूँ। मैं स्वयं में अद्वितीय और विशिष्ट हूँ। मैं भी दूसरे के समक्ष अपना सार्थक योगदान कर पाने में पूरी तरह सक्षम हूँ।

किशोरः मेरे ये सब सोचने मात्र से क्या परिवर्तन आ जाएगा?

आचार्य सत्यव्रतः इससे आपके व्यवहार में आए बदलाव को लोग देख पाएंगे।लोग आपका महत्व समझने लगेंगे।आपकी उपस्थिति को गंभीरता से लेंगे। आपके विचारों को सुनेंगे। आपकी खिल्ली नहीं उ?ाएँगे। आपकी व्यर्थ आलोचना नहीं करेंगे।

किशोरः और अगर यह सब नहीं हुआ तो

आचार्य सत्यव्रतः तो भी आपका आत्मविश्वास बना रहेगा। लोक व्यवहार में भले ही आपको अपनी बात रखने में उचित सफलता न मिल पाए, किंतु आप उन लोगों के बारे में सोचकर परेशान नहीं होंगे। स्वयं में मस्त रहेंगे।


किशोरः जी गुरुदेव ! बहुत-बहुत धन्यवाद।

( सवाल और जवाब केवल सुझाव के रूप में हैं। हर व्यक्ति के लिए और हर परिस्थिति में इनका समान रूप से लागू होना आवश्यक नहीं है।)

## सामयिक चर्चा

### विवेकवान बनो!

कई दिनों तक खर्च कर,
आकर्षक आसन सजाकर,
विघ्नहरण गणेश जी को उस पर,
भक्तिपूर्वक बिठाकर,
खूब देर तक हाथ जोड़कर
बड़ी श्रद्धा से बार-बार प्रणाम कर
मनराखन लाल बोले -
''हे प्रथम पूज्य गणेश भगवान!
हे विनायक! हे लम्बोदर!
मुझ पर कृपा कीजिए!
मुझे सुख-शान्ति दीजिए!!''
गजानन मंद-मंद मुस्कराए
बोले - ''हे वत्स! सुनो -
अपने मन के अनुसार सदा
बुद्धि का उपयोग तो तुम सदा करते हो!
पर सबसे महत्वपूर्ण
सद् और असद् तात्पर्य
अच्छे और बुरे का ज्ञान कराने वाले,
'विवेक' का ध्यान नहीं रखते हो।
यही कारण है कि तुम गलत सलत
कुछ भी काम कर जाते हो।
और फिर कष्ट पाते हो।
तो हे वत्स! तुम हमसे
सुख शान्ति के लिए मत कहो
अपितु स्वयं विवेकवान बनो!''




गिरिश बख्शी

## गणेश पक्ष पर विशेष

### गणेश का सृजन करें, विसर्जन नहीं

**विजय मिश्रा 'अमित'**



गणेश स्थापना हेतु मंच - पण्डाल के निर्माण एवं सजावट कार्य करते थक कर चूर-चूर हो गया था। गणेश जी की स्थापना के उपरान्त घोड़ा बेचकर गहरी नींद में सो रहा था। तभी मुझे कोई हिला हिला कर उठा रहा था। जिससे मेरी नींद उचट गई।आंखें मलते उठा तो देखा हमारे पण्डाल में विराजे गणेश जी मुझे हिलाए पड़े हैं। मैं हड़बड़ाते हुए उनसे पूछ पड़ा - क्या हो गया गणेशजी, चैन से सोने भी नहीं दे रहे हैं ?

मेरा सवाल सुनकर वे बोले-साल भर में केवल भाद्र माह की चतुर्थी से लेकर दस दिनों तक मुझे तुम लोग खास पूजते हो और विसर्जन करने के बाद मुझे भूला देते हो। तुम्हारे मतलबी भाव का आंकलन करके मेरी माता पार्वती, भ्राता कार्तिक एवं पिता श्री शंकर ने मुझे समझा बुझा कर भूलोक पर भेजा है। उन्होंने कहा है कि भूलोक में भयंकर बीमारियां फैल रही हैं, संभल कर रहना। भूलोक वासियों को समझाना समाज में विघ्नहर्ताओं का सृजन करें विसर्जन नहीं।

गणेशजी की बात सुनकर मैंने पूछा - क्या गणेश जी, अभी तो आपका पहला ही दिन है। हमने तो कुछ खिलाया-पिलाया नहीं है, फिर काहे की पीड़ा है? मेरे प्रश्न पर सूंड सिकोड़ते हुए वे बोले-मुझे बजबजाती गंदी नाली और कचरा के डिब्बे के करीब बिठा दिए हो। सड़ते-गलते कचरे की बदबू और भीमकाय मच्छरों के हमला से मेरी स्थिति दुबले को दो आषाढ़ जैसी हो गई है। ऐसी गंदगी में रहने के कारण ही तुम लोगों को मलेरिया, हैजा, डेंगू, कोरोना जैसी व्याधियां घेरती हैं। कहते-कहते गणेश जी ओक-ओक करने लगे। मानो उन्हे मितली आ रही हो। उन्होंने आगे कहा- मैंने तो सुना था कि यहां स्वच्छता अभियान चल रहा हैं,पर यहां की गंदगी को देखकर तो ऐसा कुछ लगता नहीं।तुम लोग खुद मच्छरदानी के अंदर पंखा, कूलर, एसी की हवा में आराम फरमा रहे हो और मुझे उमस भरी गर्मी, चिपचिपाते पसीने में छोड़ दिये हो।

गणेशजी क फुसलाने की कोशिश करते हुए मैंने कहा -ओ चिन्ताहरण जी चिंता न करें। आपके पण्डाल को भी हमने रंग-बिरंगे झालर से सजाने की तैयारी की है। मेरी बात सुनकर गणेश जी चिंघाड़ते बोले - शर्म करो। मुझे सब पता है कि तुम लोगों ने बिजली चोरी से व्यवस्था की हैं। अरे अधर्मियों पवित्र कार्य भी क्या तुम बिजली चोरी से करोगे ? पाप के भागीदार बनोगे। मैं तो यहां परेशान होने के साथ ही साथ बोर हो जाऊंगा।

धीरज धरो लम्बोदर महराज।गणेश जी को मैने टोंकते हुए कहा - आपको बोर होने से बचाने के लिए गाने-बजाने की जोरदार व्यवस्था हमने की है। ऐसे गाने बजायेंगे कि सुन कर आप झुम जायेंगे। यह सुनकर गणेशजी के मुरझाये चेहरे पर मुस्कान की लकीर दौड़ पड़ी। वे पूछ पड़े - अरे वाह, तो क्या इस बार नया-नया भजन तैयार किये हो?

उनके सवाल से मैं आपा खो बैठा और गुर्राते हुए बोला - कैसी उटपंटाग बात करते हो गणेश जी भजन-कीर्तन सुनने वाली पीढ़ी तो स्वर्ग सिधार गई है। आजकल तो पूजा पण्डाल में फिल्मी गीत बजते रहते हैं ........चार बोतल वोडका, काम मेरा रोज का। मुन्नी बदनाम हुई। बीढ़ी जलाई ले बलमवा जिगर म बड़ी आग है आदि. आदि. ।

मेरे मुंह से ऐसे-ऐसे गानों के बोल सुन कर गणेश जी अपने कानों में उंगली ठूंसते हुए बोले- बम बम भोले। ऐसे गाने सुन कर तो प्राण पखेरू उड़ जायेंगे। तुम लोगों ने ऐसे बेढंगे, कानफोड़ू गाना-बजाना से ध्वनि प्रदूषण सहित संस्कृति को भी विकृत कर रखा है। जरा सोचो लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जी ने अंग्रेजों से देश को आजादी दिलाने के लिए नवयुवकों को एकता के सूत्र में बांधने के लिए गणेश स्थापना प्रथा की शुरूआत की थी। ऐसी लोकहितैषी प्रथा को ही तुमने तहस-नहस कर डाला है।

पल भर रूकने के बाद लंबी आहें भरते हुए गणेश जी बोले - बदलते वक्त के साथ मिट्टी से मूर्ति निर्माण करने के बजाय प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति बनाना, प्राकृतिक रंगों के बजाय हानिकारक रसायनिक रंगों से रंगने की गलत परम्परा की शुरुआत भी तुम लोगों ने की है। ऐसी मूर्तियों को नदी, तालाब में विसर्जित करके जल प्रदूषण को बढ़ाने जैसा घृणित कार्य भी कर रहे हो। इससे मानव जाति सहित अनगिनत निरीह जीवों का जीवन भी खतरे में पड गया है।

गणेश जी की बातों ने मेरे दिल-दिमाग को झकझोर रख दिया। अपनी नासमझी और गलती का अहसास करते हुए मैं गणेश जी के चरणों पर जा गिरा और बोला-आपकी बात सौ फीसदी सत्य है गणेश जी। ऐसी गलती का दुहराव भविष्य में नहीं होगा।आपकी सौगन्ध लेते हुए प्रण करता हूं। मेरा प्रण सुन कर गणेशजी के चेहरे पर मुस्कान आ गई। अपनी सूंड उठा कर मेरी पीठ पर घुमाते हुए कहा सुखी भवः, समाज में विघ्नहर्ता का सृजन करो विसर्जन नहीं। हमारी बातचीत समाप्त हो गई।हम दोनों चैन की नींद में सो गये।

पूर्व महाप्रबंधक (जन) अग्रोहा सोसाइटी,
पो आ-सुंदर नगर, रायपुर, (छ. ग.)
मो 98931 23310

## कविता

### // भादो की बारिश में //


छिपी बहुत सी गहरी बातें,
भादो की बारिश में।
वसुंधरा की धानी चुनर से,
निसर्ग हुआ नयनाभिराम।
शीतल आर्द्र पवन ने देखा,
गगन हुआ घनश्याम।
दादुर ने कुछ सुना ही दिया,
भादो की तारीफ में।
छिपी बहुत सी....।
लहरा उठे हैं आँचल,
इठलाती हुई नदियों के।
तन-मन प्रफुल्लित हैं आज,
पहाड़-परवत घाटियों के।
झूमना याद है तरुवर को,
भादो की हर तारीख में।
छिपी बहुत सी....।
याद करती हैं माँ-बहनें,
डूबकी लगाये सरोवर-घाट।
भीगा छुटपन संग नवयौवन,
गाँव-गली और रद्दा-बाट।
मातृधरा ने बुलाया उन्हें,
भादो की दूज-तीज में।
छिपी बहुत सी....।



टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''
व्याख्याता (अंग्रेजी)
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)





## राशिफल




**मेष**

मेष राशि वालों के लिए आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी नए वाहन को खरीदने की इच्छा पूरी होगी, जिससे घर में उत्साह का माहौल बना रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ बैठकर किसी मुद्दे को सुलझाने में सफल रहेंगें। आज आप अपने बिजनेस में कुछ नए उपकरणों को शामिल करेंगे, तो आपको अच्छा लाभ अवश्य मिलेगा ।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए अनुकूल बना रहेगा । आज आपकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे मिलकर आपको खुशी होगी । इस राशि के विदेश जाने की इच्छा रख रहे व्यक्तियों को अच्छा मौका मिल सकता है, आपकी फैमली आपको पूरा सपोर्ट करेगी । आप व्यर्थ की चीजों को उठाकर न ले आयें। आज आप डिनर के लिए दोस्त के घर जा सकते हैं, उससे मिलकर आपको प्रसन्नता होगी।



**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप अपने काम को बेहतर तरीके से पूरा करेंगें, जिससे आपके काम की तारीफ होगी । आज आप थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे, आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज शाम को आप माता जी से भविष्य को लेकर विचार-विमर्श करेंगे, आपको माता जी का साथ मिलने से खुशी होगी ।




**कर्क**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज किसी की मदद से आपके सरकारी कार्य बनेंगें । आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।आज आपके ऑफिस में पॉजिटिव माहौल रहेगा, इसलिए आप भी अपने शब्दों को कण्ट्रोल में रखकर ही बात करें। आज आप पारिवारिक समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप अपने कारोबार को आगे बढ़ाने का विचार कर सकतें हैं। आज आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। इस राशि के जो छात्र घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। आज आप परिवार के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कुछ समय बिताएंगे जिससे आपके मन को शांति मिलेगी।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है 7 आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है, आपके किसी काम से बॉस आपसे खुश रहेंगें। आज आपके कॉलेज का मित्र आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। आज आप किसी भी बात पर अपनी प्रतिक्रिया जल्दी न दें, पहले स्थितियों को समझें फिर अपनी राय सोच समझ कर दें।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप बिजनेस में अच्छा धन लाभ कमायेंगें, जिससे आपको खुशी मिलेगी7 आज आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आज आप अपने खर्चों को नियंत्रित करें, जिससे आपको धन संचय करने में आसानी रहे। आज आपके दाम्पत्य रिश्ते में आपसी ताल ङ्क मेल बना रहेगा। आज आपको किसी धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने का मौका मिलेगा।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज रोजगार में आपके लिए नए रास्ते खुलेंगें, जिनका लाभ लेकर आप अपनी मंजिल तक पहुँच सकतें हैं। आज ऑफिस में आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग आपकी सहायता करेंगें। आज पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा और अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा रखें।




**धनु**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखेंगें, तो इससे आपके काम जल्दी निपट जायेंगें। आज आप किसी काम को करने में सफल रहेंगें, जिससे आपको तारीफ मिलेगी। आज अचानक किसी काम के सिलसिले में आपको दूसरे शहर जाना पड़ सकता है, इसलिए आप जरुरी डॉक्यूमेंट साथ ही रखें।




**मकर**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज पेंडिंग पड़े कार्यो को पूरा करने का दिन है, इसलिए आप दिन भर का शेड्यूल तैयार कर लें। आज आपका मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे। आज आप आपकी रूचि सामाजिक कार्यों में रहेगी, किसी वरिष्ठ के माध्यम से आपको मान ङ्क सम्मान मिलेगा।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर किसी कारोबार की शुरुआत कर सकते हैं। आज आपको संतान से खुशखबरी प्राप्त होगी, ये उनके करियर को लेकर भी हो सकती है। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा, लेकिन शाम का समय अपनी फैमिली के साथ बिताएंगी, जिससे आपको खुशी मिलेगी।



**मीन**

आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज व्यापारिक से दृष्टि आपका दिन अच्छा है, आज आप बड़ा धन लाभ कमायेंगें। सेहत के लिहाज से आज आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगें। इस राशि के मार्केटिंग से जुड़े व्यक्तियों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज आप शाम को दोस्तो के साथ अधिक समय बितायेंगे उनके साथ भविष्य को लेकर विचार करेंगे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल मोहला में विभाजन विभीषिका पर संगोष्ठी




अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी के मुख्यालय स्थित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में विभाजन विभीषिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने की।

मुख्य अतिथि रामजी भारती ने अपने उद्बोधन में कहा कि 15 अगस्त 1947 से एक दिन पूर्व 14 अगस्त को हुए भीषण नरसंहार में लाखों लोगों की जान गई। जिसे देश का काला दिन माना जाता है। उन्होंने कहा कि स्वार्थी नेताओं की पदलोलुपता के कारण धर्म के आधार पर देश का विभाजन किया गया। जिसके परिणामस्वरूप हिंदुस्तान और पाकिस्तान का निर्माण हुआ। उस समय हिंदुस्तान से बड़े पैमाने पर मुसलमान पाकिस्तान चले गए, लेकिन पाकिस्तान में रह रहे हिंदुओं का खुलेआम कत्लेआम किया गया और उनकी लाशों से भरी ट्रेनें भारत भेजी गईं। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ यह भी याद रखना जरूरी है कि विभाजन में लाखों हिंदुओं ने बलिदान दिया। देश में सौहार्द्र, शांति और एकता बनाए रखने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दिलीप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में विभाजन विभीषिका संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, ताकि नई पीढ़ी को इस ऐतिहासिक घटना की वास्तविक जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के एक दिन पूर्व हुए इस भीषण नरसंहार की जानकारी हमें न तो स्कूलों से मिली और न ही नेताओं ने बताई। तत्कालीन अंग्रेज अधिकारियों ने उस समय के नेताओं के स्वार्थ के चलते विभाजन कराया। जिसके कारण पाकिस्तान में हिंदुओं का नरसंहार हुआ। जबकि हिंदुस्तान में मुसलमान सुरक्षित पाकिस्तान भेज दिए गए। इससे पूरे देश में अराजकता, अशांति और असुरक्षा का माहौल बना रहा। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मदन साहू, रमेश हिड़ामे, नेहरू रजक, दलसिंह कौशिक, अरुण यादव, गुलाब गोस्वामी, अवधेश त्रिपाठी, राजू गुजराती, देवनारायण कुंभकार, अम्बर जोशी, किशोर अटभैया, आशीष द्विवेदी, अजहरुद्दीन, अमित श्रीवास्तव, प्रकाश मिश्रा सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण और प्राचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन राजू टंडिया एवं विद्यालय के छात्र नेताओं ने किया।

# पोला पर्व के बाद मां शैलपुत्री की पूजा, कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन



डोंगरगढ़ (दावा)। पोला पर्व के दूसरे दिन डोंगरगढ़ के पोढाडोंगरी स्थित मां शैलपुत्री के मंदिर में आदिकाल से चली आ रही परंपरा के अनुसार धूमधाम से पूजा-अर्चना की गई।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने एक कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत राजनांदगांव की सभापति श्रीमती अनिता मंडावी थी। उन्होंने विजेता टीमों को पुरस्कार राशि और विनर कप देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में श्रीमती मंडावी ने इस प्राचीन परंपरा को बनाए रखने की अपील की और कहा कि यह हमेशा जारी रहनी चाहिए। उन्होंने पोढाडोंगरी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए शासन से मांग करने की बात भी कही। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पीटेपानी के सरपंच धरम उईके, श्रीमती तिलका बाई उईके, भाजपा मंडल लाल बहादुर नगर के मंत्री गणेश्वर मांडवी, पंच उमेद पटौदी, कीर्तन समाजसेवी समिति के अध्यक्ष और सदस्यगण सहित आसपास के क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हार हो या जीत खिलाड़ी अनुशासन में रहकर खेलें - भरत वर्मा

**पीटेपानी एवं डिंगोकाल के कबड्डी कार्यक्रम में पहुंचे भरत वर्मा**



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगांव विधानसभा के वनांचल क्षेत्र में पहुंचे भाजपा नेता भरत वर्मा ने ग्रामीणों को कबड्डी जैसे प्रसिद्ध खेल का आयोजन कराने के लिए बधाई दिया। साथ ही साथ ग्रामीणों से वादा भी किया कि मेरा स्वास्थ्य आप लोगों के आशीर्वाद से तेजी से ठीक हो रहा है। आप सबके सुख दुःख में, मैं आप लोगों के साथ हूं, भविष्य में कोई भी आयोजन हो मैं जरूर आऊंगा। आप लोगों का आयोजन अच्छे से संपन्न हो यही मां बम्लेश्वरी देवी से प्रार्थना करता हूं।

दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता मां शैलपुत्री की पावन धरा पोण्डा डोंगरी (पीटेपानी) में नारबोद त्यौहार के उपलक्ष्य में मेला एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भरत वर्मा (पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा), विशिष्ट अतिथि श्रीमती किरण साहू (उपाध्यक्ष जिला पंचायत), प्रशांत कोड़ापे ( सभापति जिला पंचायत), श्रीमती अनीता मांडवी (सभापति जिला पंचायत), मनोज कांडे (मंडल अध्यक्ष लाल बहादुर नगर), राजेन्द्र तिवारी एवं वेदराम ताम्रकार (वरिष्ठ भाजपा नेता), कैलाश ऊके (सरपंच ग्राम पंचायत बोरतलाव), ढालचंद मेश्राम (पूर्व सरपंच बागरेकसा), टुम्मन मंडावी (सरपंच ग्राम पंचायत मड़ियान) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खिलाड़ी उपस्थित रहें।

## पहला कॉलम...

### जर्जर सड़क में रोपा लगाकर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन



गंडई पंडरिया (दावा)। ग्राम पंचायत पेंडरवानी में बुधवार 27 अगस्त को खराब एवं जर्जर सड़क के विरोध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी गंडई द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही सुतियापाठ बैराज का पानी ग्राम पेंडरवानी के किसानों के खेतों में को न मिलने का भी विरोध किया।

सबसे पहले कांग्रेसी और ग्रामीण धरना स्थल से जर्जर सड़क तक पैदल चलकर गए। फिर ग्रामवासियों द्वारा नायब तहसीलदार एवं अधिकारियों को पैदल ही जर्जर मार्ग को दिखाया गया। तत्पश्चात कांग्रेसियो एवं ग्रामवासियों द्वारा उक्त जर्जर सड़क पर रोपा लगाकर विरोध किया गया।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, ब्लाक अध्यक्ष भिज्ञेश यादव, मोहसिन खान, विधायक प्रवक्ता अमित टंडन, ताराचंद बंजारे, दिनेश रजक, पूरन मरकाम, रिंकू दुबले, चुरावन टंडन, करन बंजारे, ब्यास वर्मा, शैलेंद्र दुबे, नरेश साहू, भूपेंद्र रजक, भूपेंद्र धुर्वे, श्याम साहू, आत्मा धुर्वे, नानू रजक, किसुन साहू, भुनेश्वर साहू, तिलक वर्मा, सुमन विश्वकर्मा, मुकेश साहू, दिलेश्वर साहू, राजकुमार, केदार, रेवा रजक, होरी वर्मा इत्यादि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### आज कल्याणी इस्पात लिमि.अंजोरा में जनसुनवाई

टेड़ेसरा (दावा)। जिला दंडाधिकारी राजनांदगांव पत्र क्रमांक/4151/ सा.लि./एम/100/2025 के निर्देशानुसार मेजर्स कल्याणी इस्पात लिमिटेड कोपेडीह एवं अंजोरा जिला राजनांदगांव के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के संबंध में पत्र क्रमांक 3253/ मुख्या/छ.ग. 2025 दिनांक 23 जून के अंतर्गत संदर्भित पत्र अनुसार कल्याणी इस्पात लिमिटेड अंजोरा एवं कोपेडीह जिला राजनांदगांव के पर्यावरणीय स्वीकृति की सुनवाई भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली के अधिसूचना 14/09/2006 में दिए निर्देशानुसार तथा कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए लोक सुनवाई संपन्न कराया जाना सुनिश्चित किया गया। जिसमें सुनवाई 28 अगस्त को प्रातः 11 बजे शासकीय भूमि मिनी स्टेडियम वृंदावन खेल मैदान ग्राम अंजोरा में अतिरिक्त कलेक्टर सी.एल. मारकंडे राजनांदगांव के द्वारा किया जाएगा। जिसकी सूचना जिला प्रशासन एवं क्षेत्र के ग्राम पंचायत को अवगत कराया गया है।

# नेहरू महाविद्यालय में बीए प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ समारोह संपन्न

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 22 अगस्त शुक्रवार को महाविद्यालय के पुराने भवन में प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन में बीए प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं पूर्व विधायक डोंगरगढ़ रामजी भारती उपस्थित थे।

**○ अतिथियों ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्माण के लिए किया प्रेरित**
**○ विद्यार्थियों की सुविधा हेतु सड़क एवं शौचालय निर्माण की घोषणा**




कार्यक्रम की अध्यक्षता शास. नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ के जनभागीदारी प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुनील जैन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष उम महेश वर्मा, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, आदर्श नगर, वार्ड नं. 20 के पार्षद हरीश मोटघरे, समाजसेवी महेंद्र भाई पटेल सहित जनभागीदारी प्रबंध समिति के सदस्य मनीष सोनी, अविनाश टेम्भुरकर, सुमित ताम्रकर, उपकार साहू, विनीत यादव, लेखराज उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस स्वयंसेवक एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा अतिथियों के भव्य स्वागत से की गई। माता सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सरस्वती वंदना एवं छत्तीसगढ़ी राज्यगीत एमए भूगोल की छात्रा दीपशिखा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

प्राचार्य डॉ. रेवती एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों व कर्मचारियों द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि कि महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र आज विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं और यह हम सबके लिए गौरव की बात है। इसी प्रकार वर्तमान प्रवेशी छात्र-छात्राएं भी प्रगति के पथ पर अग्रसर हों।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं पूर्व विधायक रामजी भारती ने अपने प्रेरक उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवावस्था जीवन का सबसे स्वर्णिम काल होता है। इस अवस्था में प्राप्त ज्ञान और अनुभव ही आगे के जीवन की दिशा तय करते हैं। अतः प्रत्येक छात्र-छात्रा को चाहिए कि वे अपने जीवन का एक निश्चित लक्ष्य निर्धारित करें। यदि लक्ष्य स्पष्ट और दृढ़ संकल्प के साथ हो तो किसी भी प्रकार की कठिनाई सफलता के मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनभागीदारी प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुनील जैन ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में लगन और मेहनत के महत्व पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के अध्यक्ष रमन डोंगरे ने अपने प्रेरक वक्तव्य में विद्यार्थियों से कहा कि समय सबसे कीमती पूंजी है और उसका सदुपयोग करना ही सफलता की कुंजी है। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा हेतु महाविद्यालय पहुंच मार्ग हेतु सड़क एवं शौचालय निर्माण की घोषणा की गई।

कार्यक्रम के अंत में समस्त अतिथियों को महाविद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. नीता राजपूत ने प्रेरणादायक कविताओं के माध्यम से किया। प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार जम्बुलकर ने महाविद्यालय सड़क एवं शौचालय निर्माण की घोषणा हेतु अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक ग्रेड-1 नितिन शांडिल, अतिथि व्याख्याता एवलाल मेश्राम, डॉ. येशुकृति, डॉ. सपना परिहार, नीलम सिन्हा, मनीषा भेड़िया, अनिमा मिंज, मीनाक्षी साहू, टेकराम वर्मा, सुमेध डोंगरे तथा बीए प्रथम सेमेस्टर के सभी नवप्रवेशित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# गणेशजी की मूर्ति स्थापना के साथ पौधरोपण कर दिलाया संरक्षण



ठेलकाडीह (दावा)। गणेश चतुर्थी पर जहां एक ओर घर-घर में बप्पा की स्वागत की धूम है। वही जिले की एक ऐसी संस्था ने इस पर्व में अनूठी पहल करते हुए पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। आपको बता दे कि जिले की तेजस्वी शिक्षा व सेवा समिति ने आस्था के साथ पर्यावरण का संदेश देते हुए समिति के लोगों ने श्रद्धालुओं को निःशुल्क पौधों का वितरण कर उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प दिलाया। संस्था अलग-अलग प्रजाति के करीब 100 पौधों का विरतण कर इस अभियान ने लोगों को हरित भविष्य की ओर प्रेरित किया। आपको बता दे कि गणेश चतुर्थी पावन अवसर पर संस्था ने धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने की अनोखी पहल की। समिति की ओर से विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की स्थापना के लिए घर ले जा रहे श्रद्धालुओं को निःशुल्क पौधों का वितरण किया गया। संस्थान के संचालक तेजस्वी वर्मा ने बताया कि इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के करीब 100 पौधों का वितरण किए है। उन्होने कहा कि गणेश उत्सव धार्मिक आस्था का पर्व के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण और समाजिक जागरूकता का भी माध्यम है।

### सीईओ ने की इस पहल की सराहना

राजनांदगांव जनपद सीईओ मनीष साहू ने समिति की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना समाज में जागरूकता लाने का एक प्रभावी माध्यम है। समिति ने श्रद्धालुओं को पौधे देकर हरित अभियान को प्रोत्साहित किया है, जो प्रेरणादायी है।

### गणेश पंडालों में पहुंचकर भेंट करेंगे पौधे

संस्था के संचालक वर्मा ने गांवों में विराजमान गणेशजी की पंडालों में पहुंचकर समिति के सदस्यों को पौधों का विरतण करेंगे। यह अभियान पूरे पर्व तक चलेगा। इससें छोटे बच्चों व बड़ों को पर्यावरण के प्रति प्रेम व उनके महत्व को बताएंगे। ताकि पर्यावरण सरंक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़े। पौधरोपण वितरण के दौरान राहुल जेमा, देवचंद, कुसुम साहू, कुंदन जघेल, दीपक वर्मा, राजेश साहू, डाकेश्वर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# खैरागढ़ कॉलेज में 'एक वृक्ष मॉ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन




खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की नियमित गतिविधि के अंतर्गत 'एक वृक्ष मॉ के नाम' अभियान के तारतम्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन एवं खरपतवार नियंत्रण का कार्य स्वयंसेवकों के द्वारा संपन्न हुआ। स्वयंसेवकों ने मिलकर महाविद्यालय परिसर में सर्वप्रथम गत वर्ष लगाए हुए वृक्ष में खरपतवार नियंत्रण और उनका संरक्षण का कार्य हुआ। साथ ही वृक्षारोपण भी महाविद्यालय परिसर में किया गया। महाविद्यालय के गार्डन में रोपे गए पौधे की सुरक्षा हेतु स्थानीय स्तर पर प्रबंध किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के इस महत्वपूर्ण एवं उपयोगी गतिविधि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया।

महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र की विभागाध्यक्ष सुश्री बबीता मांडवी ने सभी स्वयंसेवकों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल ने 'प्रकृति के दुश्मन तीन पाउच पन्नी पॉलिथीन' नारा का उद्बोधन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और वृक्षारोपण के महत्व को स्वयंसेवकों अवगत कराया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक सृष्टि वर्मा, मोनिका जत्ती, अतिथि व्याख्याता डॉ. उमेंद चंदेल, खेमपाल, अंजली सिंह के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक लीना वर्मा, गौरी यदु, देवेंद्र पटेल, कुलेश्वर मानिकपुरी, जूही वर्मा, प्रीति वर्मा, खोमलाल मंडावी, देवाशीष यदु, निधि साहू, वर्षा वर्मा, रवीना बंजारे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# घुमका में लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम संपन्न

घुमका (दावा)। लोधी समाज की शैक्षिक संगठन लक्ष्य छत्तीसगढ़ से संबंद्ध जिला इकाई राजनांदगांव के द्वारा ग्राम घुमका में जिला स्तरीय लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम से जिले के 200 विद्यार्थियों ने सम्मान प्राप्त कर कैरियर मार्गदर्शन का लाभ उठाया। लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम के अतिथि वक्ता डॉ. टेकेश्वर कुमार वर्मा प्राचार्य संस्कार सिटी कॉलेज आफ फार्मेसी राजनांदगांव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 10वीं, 12वीं में विषय का चयन सबसे महत्वपूर्ण कदम है। विषय का चयन करते समय अपने स्वभाव, रुचि एवं क्षमता को ध्यान रखना चाहिए। जिसमें आप तन व मन से उस विषय को 100 प्रतिशत देते है तो इसके परिणाम भी 100 प्रतिशत आएंगे।

अतिथि वक्ता डॉ. डी.के. वर्मा शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव ने शासन द्वारा प्राप्त विभिन्न छात्रवृत्ति एवं योजनाओं की जानकारी दी। आगे कहा कि योजना का लाभ लेकर अभिभावकों पर पढ़ाई में लगने वाले आर्थिक बोझ को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेकर शैक्षिक लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। लक्ष्य छत्तीसगढ़ के संयोजक एवं सहायक प्रबंधक भिलाई स्टील प्लांट चैनदास जंघेल ने बच्चों के लिए सामाजिक एवं शैक्षिक विकास के लिए लक्ष्य के कार्यक्रम की जानकारी दी। साथ ही लक्ष्य द्वारा प्रकाशित शैक्षिक मार्गदर्शिका के उपयोगिता पर प्रकाश डाला। ब्लाक मेडिकल आफिसर डॉ. अश्वनी जंघेल ने प्रतिभा सम्मान एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा सफलता के लिए कई सूत्र बताए। लक्ष्य छग के अध्यक्ष एवं जिला शिक्षा अधिकारी एफ आर वर्मा ने कहा कि पुस्तकों से प्राप्त ज्ञान वास्तविक ज्ञान नहीं है। वास्तविक ज्ञान प्राप्त करने का महत्वपूर्ण साधन है। इन्हीं जानकारियों के बल पर हम स्वयं के वास्तविक ज्ञान को उपलब्ध होते हैं। केवल आंकड़े जमा करने के लिए परीक्षा परिणाम को आकर्षक दिखाने की कोशिश आगामी पीढ़ी को नुकसान कर सकती है।

उन्होंने सभी प्रकार की पुस्तकों को पढ़कर स्वयं की व्याख्या तथा विश्लेषण क्षमता को विकसित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम को जिला लोधी समाज के अध्यक्ष उत्तमचंद जंघेल, महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती दशमत जंघेल, महिला सर्किल अध्यक्ष श्रीमती फूलमती वर्मा, लक्ष्य के जिला अध्यक्ष बीएल वर्मा, कोषाध्यक्ष चैतराम वर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर लक्ष्य छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष डॉ. सावित्री जंघेल, दानेश्वर लिल्हारे, फत्तेलाल चंदेल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।




**लक्ष्य के जिला स्तरीय कार्यक्रम से 200 विद्यार्थियों को मिला कैरियर गाइडेंस**

अवंती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले के 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले कक्षा 10वी के 120 विद्यार्थी, कक्षा 12वीं में उत्तीर्ण 80 विद्यार्थियों को कार्यक्रम में मोमेंटो, सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार सैनिक स्कूल के लिए चयनित विद्यार्थी ऐश्वर्य आत्मज गोविंदराम वर्मा बखत रेंगाकठेरा, नवोदय विद्यालय के लिए चयनित विद्यार्थी चित्रांश कीर्तन वर्मा कलेवा, गतिक युवराज वर्मा घुमका, सेवानिवृत कर्मचारीगण बलराम वर्मा गैंगमैन लोक निर्माण विभाग, जागेंद्र सिंह वर्मा ग्राम डिलापाहरी उच्च वर्ग शिक्षक, मुन्नालाल वर्मा ग्राम बहेराभांठा प्रधान पाठक, नरेंद्र वर्मा ग्राम दैहान प्रधानपाठक, एमआर वर्मा ग्राम डिलापाहरी व्याख्याता, नेतराम वर्मा राजनांदगांव प्रधान पाठक, मंतूराम वर्मा डिप्टी रेंजर वन विभाग, ईश्वर वर्मा उच्च वर्ग शिक्षक को शासकीय सेवानिवृत्ति उपरांत सम्मानित किया गया।

नवनियुक्त शासकीय कर्मचारीगण गौरांग वर्मा पिता बृजेश वर्मा मत्स्य निरीक्षक राजनांदगांव, व्योमेश लिल्हारे पिता छत्रपाल लिल्हारे ग्राम छीपा सब इंस्पेक्टर, शीतल वर्मा आ. गणेश वर्मा शिक्षक ग्राम टुरीपार, टिकेश्वर वर्मा आ. गणेशराम वर्मा सहायक शिक्षक ग्राम टुरीपार, भेनूराम वर्मा सहायक शिक्षक ग्राम खैरझिटी को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा नीट से चयनित साक्षी जंघेल पिता केशव प्रसाद जंघेल, राज वर्मा पिता जीवनचंद्र वर्मा, डॉ. स्नेही वर्मा पिता यादलाल वर्मा, देवेंद्र वर्मा पिता मुरलीधर वर्मा, कु. वर्षा रानी वर्मा पिता रोहित कुमार वर्मा राजनांदगांव, शुभम वर्मा रोहित वर्मा, वात्सल्य वर्मा पिता डिलेश्वर वर्मा घुमका को भी सम्मान पत्र व मोमेंटो के साथ सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम के मध्य हाईस्कूल मासूल व अवंती विद्या मंदिर घुमका के बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। बच्चों के सुमधुर नृत्य व गीतो ने उपस्थितजनों को मंत्र मुक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सर्किल लोधी समाज घुमका के द्वारा भोजन का प्रबंधन किया गया था।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में लक्ष्य के जिला अध्यक्ष बीएल वर्मा, कोषाध्यक्ष चैतराम वर्मा, बृजेश वर्मा, नागकुमार लिल्हारिया, नोहर लिल्हारे, लक्ष्य घुमका के संयोजक फत्तेलाल चंदेल, अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा, सचिव जागृत दास वर्मा, कोषाध्यक्ष हीराराम वर्मा, प्रचार सचिव कमलेश चंदेल, कार्यकारिणी सदस्य-यादराम वर्मा, गोरेलाल चंदेल, नंदकुमार वर्मा, दिलीप वर्मा, जनोहर वर्मा, संदीप वर्मा एवं सर्किल लोधी समाज के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र वर्मा, सचिव रोमन वर्मा, महिला अध्यक्ष श्रीमती फूलमती वर्मा, उपाध्यक्ष दिलेश्वर वर्मा, बलदेव वर्मा, कोषाध्यक्ष लूनकरण वर्मा, प्रचार सचिव तेजराम वर्मा, जयकुमार वर्मा, मानदास वर्मा, रवींद्र वर्मा, आशीष वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, दयाराम वर्मा, भागचंद वर्मा, प्रधानगण - गंगा प्रसाद वर्मा, टेकसिंग वर्मा, कृपाराम वर्मा, भारत वर्मा, पुसउराम वर्मा, तुमलाल वर्मा, पंचूराम वर्मा, पुरन वर्मा, धनीराम वर्मा, इंदल सिंह वर्मा आदि का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सर्किल लोधी समाज के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र वर्मा ने सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# गांव-गांव तक पहुंचा बैंक : ग्राम पंचायत घोठिया में ब्लॉक खैरागढ़ में री-केवाईसी व वित्तीय समावेशन शिविर आयोजित

खैरागढ़ (दावा)। वित्तीय समावेशन और बैंकिंग सेवाओं को आमजन तक पहुँचाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के री-केवाईसी एवं वित्तीय समावेशन अभियान के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत घोठिया (जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई) में भारतीय स्टेट बैंक खैरागढ़ शाखा द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय रिज़र्व बैंक के महाप्रबंधक मनीष पराशर मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय स्टेट बैंक भिलाई के क्षेत्रीय प्रबंधक रूपक मंडावी ने स्वागत भाषण से किया।



आरबीआई जीएम मनीष पराशर ने ग्रामीणों को दी सामाजिक सुरक्षा एवं प्रधानमन्त्री जनधन की री-केवाईसी संबंधित योजनाओं की जानकारी

### री-केवाईसी से ही मिलेगी निर्बाध बैंकिंग सुविधा

मुख्य अतिथि मनीष पराशर ने कहा कि री-केवाईसी प्रक्रिया समय पर पूरी करने से बैंकिंग सेवाओं का लाभ लगातार मिलता रहेगा। यदि ग्राहक पुनः केवाईसी नहीं कराते हैं तो उनके लेन-देन प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मात्र 20 और 436 रूपए के वार्षिक प्रीमियम पर मिलने वाली ये योजनाएँ गरीब से गरीब परिवार को दो-दो लाख रुपये का सुरक्षा कवच प्रदान करती हैं।

### आज बैंक आया आपके द्वार

एसबीआई भिलाई के क्षेत्रीय प्रबंधक रूपक मंडावी ने कहा कि यह शिविर इस बात का प्रतीक है कि बैंक अब स्वयं गांव तक आकर सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएँ। मंडावी ने बताया कि शिविर में अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों के अधिकारी भी मौजूद रहे ताकि लोगों की विभिन्न बैंकिंग समस्याओं का समाधान एक ही जगह हो सके।

### जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों की रही बड़ी भागीदारी

शिविर में पंजाब नेशनल बैंक, आईडीबीआई बैंक, एसबीआई सहसपुर दल्ली शाखा, लीड बैंक मैनेजर सी.एस. ठाकुर, कियोस्क संचालक नरेश चोपड़ा सहित सभी बैंकों के सीएसपी संचालक मौजूद रहे। वहीं, स्थानीय सरपंच सुराज कुमार साहू, सचिव ज्ञानदास साहू, पंच मंसीरदास बंजारे, गोपीचंद, रामानंद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने योजनाओं की जानकारी लेकर पंजीयन कराया। अंत में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए खैरागढ़ शाखा प्रबंधक और उनकी टीम की सराहना की कि उन्होंने ग्रामीण अंचल तक पहुँचकर वित्तीय समावेशन की भावना को साकार किया।

# महिला गिरफ्तार, बैंक खाते में अवैध ट्रांजैक्शन का खुलासा

भिलाई। कुम्हारी पुलिस ने अपना बैंक खाते को किराए पर देकर कमीशन लेने वाली महिला को संदिग्ध लेनदेन के मामले में गिरफ्तार किया है। दरअसल महिला का नाम निशा बेहरा है, जिसने अपने आधार कार्ड पैन कार्ड समेत तमाम दस्तावेज देकर एसबीआई की कुम्हारी शाखा में उसने अपना खाता खुलवाया था। खाते में अचानक से 4 लाख 50 हजार की रकम का ट्रांजैक्शन किया गया। इस संदिग्ध ट्रांजैक्शन को देखते हुए गृह मंत्रालय से संचालित समन्वय पोर्टल ने इसे पकड़ लिया और इसकी सूचना दुर्ग पुलिस के साइबर सेल को दी। साइबर सेल को जैसे ही इसकी सूचना मिली पुलिस फौरन एक्टिव हो गई और एसबीआई की कुम्हारी शाखा से खाते की पतासाजी की गई।

पता चला कि खाता निशा बेहरा नामक महिला का था। इसके बाद कुम्हारी पुलिस ने निशा बेहरा से पूछताछ की तो पहले तो उसने पुलिस को गुमराह किया, लेकिन जब पुलिस ने सख्ती बरती तो उसने बताया कि उसने अपने एसबीआई के खाते को 10 हजार के कमीशन पर एक व्यक्ति को उपलब्ध करा दिया था। इसके बाद उस व्यक्ति ने ही लगभग चार लाख 50 हजार की रकम को उसके खाते में ट्रांजैक्शन करवा दिया। इसके बदले में उसे 10 हजार का कमीशन भी दिया गया। इधर कुम्हारी पुलिस ने निशा बेहरा को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है। वहीं जिस व्यक्ति ने उसका खाता किराए पर लिया था, उसकी भी पताशाजी की जा रही है।

# व्यापारी लीडर सम्मेलन में शामिल हुआ चेंबर का पदाधिकारी मंडल



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में आयोजित एंटरप्रेन्योर्स एंड ट्रेडर्स लीडरशिप समिट में शामिल हुआ। अंबेडकर इंटरनेशनल भवन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय एक राष्ट्, एक चुनाव था। इस सेमिनार में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रमुख अतिथि के रूप में मौजूद थे। देशभर के विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों ने इसमें हिस्सा लिया।

### प्रमुख नेताओं से हुई मुलाकात

चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की और व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने गोयल को रायपुर में होने वाले चैंबर के वार्षिक अधिवेशन में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में छत्तीसगढ़ भवन में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, महामंत्री अजय भसीन, प्रमुख सलाहकार लाभचंद बाफना, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी और ललित जयसिंग सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी द्वारा किसानों को दी गई समसामयिक सलाह



राजनांदगांव (दावा)। कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी द्वारा खड़ी फसल की सुरक्षा करने के लिए किसानों को विशेष सलाह दी गई है। विशेष सलाह में कहा गया है कि मौसम पुर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में मध्यम वर्षा होने की संभावना है। जिसे देखते हुए कवकनाशी एवं उर्वर्कों का छिड़काव मौसम साफ रहने पर ही करने की सलाह दी गई है। धान के खेत में हरी काई का प्रकोप दिख रहा हो तो पानी को निकाल दें।

खेत में जिस जगह से पानी अन्दर जाता है, वहां आवश्यकतानुसार कॉपर सल्फेट को पोटली में बांधकर रखें। धान कन्से निकलने की अवस्था में हो वहां नत्रजन उर्वरक की दूसरी मात्रा का छिड़काव यूरिया (30 किलोग्राम प्रति हेक्टर) के रूप में करें। जीवाणु जनित झुलसा रोग की रोकथाम के लिए संतुलित उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए। रोग होने की दशा में पोटाश का उपयोग 8-10 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। तना छेदक रोग के लक्षण दिखाई दे तो, कर्टाप हाइड्रोक्लोराइड 50 डब्लूपी एक किलोग्राम प्रति हेक्टेयर (काल्डेन, कैरीड, मोर्टार एवं अन्य समान उत्पाद) या क्लोरेन्ट्रानिलीप्रोल 150 मिली प्रति हेक्टयेर (फटेरा, कोरेजन, फटेगोल्ड, लेपिडोज एवं अन्य समान उत्पाद) की दर से 500 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। नत्रजन का छिड़काव कुल अनुशंसित मात्रा की एक चौथाई मात्रा (30 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर), रोपाई के 25-30 दिनों के बाद यूरिया के रूप में छिड़काव करें। तत्पश्चात खेतों में पानी लगभग 24 घंटे तक रोककर रखें। पोटाश की शेष 25 प्रतिशत मात्रा रोपाई के 25-30 दिनों के बाद छिड़काव करें। इस उपाय से तना मक्खी का भी नियंत्रण होगा। अरहर की फसल में तना अंगमारी (स्टेम ब्लाइट) रोग प्रकोप की प्रारंभिक अवस्था में ताम्रयुक्त कवकनाशी (2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी) या मेटालेक्सिल एमजेड (1.5 ग्राम प्रति लीटर पानी) का छिड़काव 10-12 दिन के अंतर में, दो-तीन बार उपयोग करने से रोग की रोकथाम की जा सकती है।

# छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय अधिवेशन में विजय लहरे फिर बने महामंत्री



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का सातवां प्रांतीय अधिवेशन 24 अगस्त को बिलासपुर के पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागार में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिलासपुर के नगर विधायक और छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल थे। अधिवेशन में सर्वसम्मति से पवन शर्मा (बिलासपुर) को संघ का निर्विरोध प्रांताध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही विजय लहरे को फिर से प्रांतीय महामंत्री का पदभार सौंपा गया। दुर्ग जिले के जिलाध्यक्ष भानुप्रताप यादव को कर्मचारी हित में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए एक प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह संघ की एकजुटता और कर्मचारियों के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ राज्य में एकमात्र मान्यता प्राप्त संगठन है जो कर्मचारियों के मुद्दों को शासन तक पहुंचाता है।

# रक्तदान महादान है - विक्रांत सिंह



पांडादाह में रक्तदान शिविर का आयोजन, विक्रांत सिंह बने मुख्य अतिथि

खैरागढ़ (दावा)। जिला रक्तवीर संगठन के तत्वाधान में ग्राम पांडादाह स्थित हाईस्कूल परिसर में एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### रक्तदान से जीवन बचाना सबसे बड़ा पुण्य

शिविर को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समय-समय पर रक्तदान कर समाज की सेवा में योगदान दें।

### युवाओं की रही बड़ी भागीदारी

इस रक्तदान शिविर में गांव के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। मुख्य अतिथि ने सभी रक्तदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनका यह प्रयास कई जीवन बचाने में मददगार सिद्ध होगा।

### समिति को सराहा

विक्रांत सिंह ने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन पर जिला रक्तवीर संगठन एवं आयोजन समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों को मानवता के कार्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

### ग्रामवासी रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू, निवर्तमान अध्यक्ष घम्मन साहू, मण्डल भाजपा अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और समाजसेवी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी रक्तदाताओं का स्वागत कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। शिविर का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। आयोजन समिति ने सभी रक्तदाताओं, अतिथियों और ग्रामीणों का आभार प्रकट किया।

# अमलीपारा वार्ड में नाली निर्माण में भ्रष्टाचार की बू जिम्मेदारों की चुप्पी से सवाल खड़े : मनराखन देवांगन



खैरागढ़ (दावा)। नगर पालिका खैरागढ़ के वार्ड क्रमांक 12 अमलीपारा में नाली निर्माण का काम इन दिनों भ्रष्टाचार की बू समेटे हुए है।। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा ठेकेदार जो है वो खुद नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर का भतीजा बताया जा रहा है, खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर काम कर रही है। जानकारी के मुताबिक नाली निर्माण में आरसीसी का मानक पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है। जहां छड़ यू आकार की लगनी चाहिए। वहाँ एल आकार की छड़ें लगाई गई हैं। इससे न केवल निर्माण की गुणवत्ता संदिग्ध है, बल्कि छड़ की काला बाजारी की भी आशंका गहरा गई है।

### नाली का बेस तक तैयार नहीं किया गया

मनराखन देवांगन का आरोप है कि नाली का बेस तक तैयार नहीं किया गया। वहीं छड़ की दूरी भी मानक 6-7 इंच के बजाय डेढ़ से दो फीट रखी गई है।।वार्डवासियों ने पहले भी शिकायत की थी,कि एक ओर घरों की तरफ दीवार न बनाकर आधा-अधूरा काम किया जा रहा है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया।। सबसे हैरानी की बात यह है कि यह काम नगर पालिका अध्यक्ष के घर के पीछे ही हो रहा है। बावजूद इसके नियम-कायदों की ऐसी खुली धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं।

### नपा इंजीनियर को नाली निर्माण कि जानकारी

जब इस मामले पर नप इंजीनियर शाहबाज खान से सवाल पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा कि काम शुरू होने की जानकारी ही नहीं है। जबकि वार्ड में खुद नगर पालिका की जेसीबी और मजदूर काम करते देखे गए। ऐसे में इंजीनियर की अनभिज्ञता से मिलीभगत की बू साफ झलक रही है। वहीं सीएमओ कोमल ठाकुर से बात करने पर उन्होंने कहा जानकारी मिली है, दिखवा लेते हैं। उसके बाद ही कुछ बता पाऊँगा।

### भ्रष्टाचार की इस गंगा में अधिकारी से लेकर ठेकेदार तक सब नहा रहे

इस तरह टालू जवाबों ने वार्डवासियों की शंका और गहरा दी है,कि भ्रष्टाचार की इस गंगा में अधिकारी से लेकर ठेकेदार तक सब नहा रहे हैं। मनराखन देवांगन का कहना है कि भाजपा की सरकार में इस तरह के भ्रष्टाचार आम हो चले हैं। अब सवाल यह है कि जब काम अध्यक्ष के घर के पीछे ही घटिया स्तर पर हो रहा है,तो नगर पालिका की चुप्पी क्या मौन सहमति मानी जाए। यह समस्त कार्य इंजीनियर शाहबाज खान की देखरेख में किया जाना है, किंतु बातचीत करने पर उन्होंने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

# बस ने ओमनी वैन को लिया चपेट में, एक की मौत



सूरजपुर। जिले में एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें बस ने ओमनी वैन को टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई और वैन में सवार दो अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। यह मामला ओड़गी थाना क्षेत्र का है। घटना भैयाथान मुख्य मार्ग पर कालामांजन के पास हुई। बस ने ओमनी वैन को तेज़ रफ्तार में टक्कर मारी, जिससे वैन पलट गई और लोगों को गंभीर चोटें आई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल महिलाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची पर मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

# पर्यटन क्षेत्र में महिलाएं पर्यावरण की रक्षक और सामाजिक परिवर्तन की वाहक - डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के दिशा निर्देशन में आई.क्यू.ए.सी. एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत पांच दिवसीय कार्यशाला के पांचवे दिवस में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती (सहायक प्राध्यापक) भिलाई इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी दुर्ग से उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारंभ माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया।



मुख्य वक्ता का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के द्वारा पौधा भेंटकर किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य एवं महत्व डॉ. आर.आर. कोचे के द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉ. चक्रवर्ती ने पर्यटन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान दिया। डॉ. चक्रवर्ती ने अपने ऊर्जावान, नवप्रवर्तन वक्तव्य से छात्रों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने रोजगार एवं आय के अवसर, शिक्षा और जागरूकता, सामाजिक पहचान, सामाजिक उद्यमिता का योगदान आदि इन सभी बिंदुओं पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला का आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. आशा चौधरी व मंच संचालन सुश्री नीलम सिन्हा के द्वारा किया गया। महाविद्यालय में संचालित पांच दिवसीय कार्यशाला के सफल संचालन में कार्यक्रम समिति सदस्य डॉ. नौशीन अंजुम, मनीषा भेड़िया, नीलम सिन्हा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रेलवे सैलरी पैकेज पर वृहद सेमिनार का आयोजन



राजनांदगांव(दावा)। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के रेलवे इंस्टीट्यूट डोंगरगढ़ में कार्मिक विभाग नागपुर एवं भारतीय स्टेट बैंक डोंगरगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे सैलरी पैकेज विषय पर एक वृहद सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भिलाई स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर शरद बैस, एसबीआई डोंगरगढ़ शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार सिंह तथा एसबीआई रीजनल ऑफिस भिलाई के केशव आनंद विशेष रूप से उपस्थित थे।

सेमिनार में डोंगरगढ़ के इंजीनियरिंग, ऑपरेटिंग, कमर्शियल, एसएंडटी, इलेक्ट्रिक, जनरल, ओएचई, आरआरडी एवं मेडिकल विभागों के लगभग 100 अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए। स्टेट बैंक प्रतिनिधियों ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से कर्मचारियों को रेलवे सैलरी पैकेजए मेडिकल एवं अन्य पारिवारिक सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा उपस्थित कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम को रेलवे सुरक्षा बल डोंगरगढ़ के इंस्पेक्टर प्रशांत अडलक तथा कर्मचारी कांग्रेस के सचिव अनिल पोद्दार ने भी संबोधित किया। साथ ही इंजीनियरिंग ट्रेनिंग स्कूल के नवीन एवं ऑपरेटिंग ट्रेनिंग स्कूल के संकल्प राय के नेतृत्व में प्रशिक्षार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस सेमिनार की विशेषता रही कि बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों ने भी भाग लेकर अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य कल्याण निरीक्षक डोंगरगढ़, देवेंद्र कुमार साखरे ने किया।

# नेशनल यूथ एक्सलेंस अवॉर्ड से सम्मानित हुए विनोद कुमार टेम्बुकर

राजनांदगांव (दावा)। उत्कृष्ट सामाजिक कायों के लिए सामाजिक कार्यकर्ता रासेयो स्वयंसेवक विनोद कुमार टेम्बुकर को जम्मू कश्मीर के जम्मू यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय युवा उत्कृष्ट पुरुस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। स्वयंसेवक विनोद राज्य छग का प्रतिनिधित्व करते हुए राजनांदगांव जिले से आमंत्रित रहे। उनके साथ-साथ देश के अलग-अलग 15 राज्यों के युवाओं को राष्ट्रीय संस्था लिव फॉर ओदर हेल्पफुल फाउंडेशन द्वारा मुख्य अतिथि डीजीपी जम्मू कश्मीर एस.पी. वैद एवं लिव फॉर ओदर हेल्पफुल फाउंडेशन के सीईओ डायरेक्टर विवेक परिहार एवं अन्य प्रमुख अतिथियों द्वारा सम्मान दिया गया।



छत्तीसगढ़ के साथ-साथ सम्पूर्ण राजनांदगांव जिले के लिए गौरव का क्षण है। साथ ही यह सम्मान मिलने से उनके शहर राजनांदगांव में लोग काफी उत्साहित है और विशेषकर उनके परिवार में खुशी का माहौल व्याप्त है।

विनोद टेम्बुकर राजनांदगांव के ग्रामीण क्षेत्र की मुलभूत समस्या को लेकर लगभग 7 सालों से हमेशा ही आमजनों की निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा के लिए आगे रहने, रासेयो स्वयंसेवक के रूप में विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम करने जैसे कोराना काल में बाहर रहकर जरूरतमंदों की मदद, रक्तदान, महिला सशक्तिकरण, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत मिशन के साथ ही साथ युवोदय राजनांदगांव यूनिसेफ एवं जिला प्रशासन राजनांदगांव के साथ जुड़कर उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने उन्हें यह सम्मान दिया गया।

# रेल संरक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दपूमरे कर्मवीरों का मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (दपूमरे) के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने 26 अगस्त को संरक्षा बैठक के दौरान रेल सुरक्षा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। संभावित रेल दुर्घटनाओं को टालने के लिए उनकी सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा के लिए उन्हें नकद पुरस्कार और प्रशस्ति-पत्र दिए गए। मंडल रेल प्रबंधक ने इस अवसर पर इन कर्मवीरों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान अन्य कर्मचारियों को भी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति अधिक जागरूक होने के लिए प्रेरित करेंगे।

### खुली मालगाड़ी के वैगन को रोका

पुरस्कृत होने वालों में जी.के.हेडाउ, लोको पायलट (मालगाड़ी) और राजेश बाग सहायक लोको पायलट शामिल हैं। 11 अगस्त को जब वे मालगाड़ी का संचालन कर रहे थे, तो उन्होंने गुदमा स्टेशन पर इंजन से 17वें वैगन का दरवाजा खुला हुआ देखा। जैसे ही गाड़ी अप दिशा के स्टार्टर सिग्नल नंबर 17 के पास पहुंची और दरवाजा सिग्नल पोस्ट से टकराने वाला था। दोनों लोको पायलटों ने तत्परता दिखाते हुए गाड़ी को एक वैगन पहले ही रोक दिया। उनकी इस सूझबूझ से न केवल एक संभावित दुर्घटना टली, बल्कि सिग्नल पोस्ट भी क्षतिग्रस्त होने से बच गया।

### पहिए की खराबी को पकड़ा

सम्मानित होने वाले एक अन्य कर्मचारी शशिकांत बोरकर हैं, जो टेक्नीशियन-I/C&W, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी में कार्यरत हैं। 6-7 अगस्त 2025 की रात की पाली के दौरान वे ट्रेन संख्या 58819 के रखरखाव का काम कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कोच संख्या एसईसी 061200 जीएस-आरडी के पहिए नंबर 3 में कम रूट रेडियस की पहचान की। उनकी सतर्कता से एक बड़ी दुर्घटना को टाला जा सका।

# मुठभेड़ : चार नक्सली मार गिराए, इनमें तीन महिलाएं, हथियारों के साथ शव भी बरामद



मोहला (दावा)। जिले के मोहला, मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सल ऑपरेशन को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। 8 घंटे से जारी भीषण मुठभेड़ में महाराष्ट्र फोर्स ने छत्तीसगढ़ सीमा पर चार सशस्त्र नक्सलियों को मार गिराया है। ढेर किए गये नक्सलियों में एक पुरुष तीन महिला नक्सली शामिल है। घटनास्थल से हथियार और नक्सली सामग्री बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गढचिरौली एंटी नक्सल यूनिट को एक विश्वसनीय जानकारी प्राप्त हुई कि गट्टा दलम, कंपनी नंबर 10 और गढ़चिरौली डिवीजन के अन्य माओवादी संगठन के केडर गढ़चिरौली-छत्तीसगढ़ सीमा पर कोपरशी वन क्षेत्र में मौजूद थे। गुप्त सूचना के आधार पर एएसपी एम. रमेश के नेतृत्व में 19 सी 60 इकाई और सीआरपीएफ क्यूएटी की 2 इकाई उक्त वन क्षेत्र में नक्सलियों के तलाश में भेजी गई।

### नक्सलियों ने शुरू की फायरिंग

पिछले दो दिनों से बस्तर जिले और भामरागड़ क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश का सामना करते हुए ऑपरेशन टीम आज सुबह वन क्षेत्र में पहुंची और जब वे तलाशी अभियान चला रहे थे, तो नक्सलियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जिसके परिणामस्वरूप सुरक्षा बल के जवानों ने प्रभावी जवाबी कार्रवाई की इस मुठभेड़ में एक पुरुष तीन सशस्त्र महिला नक्सली ढेर किए गए हैं। घटनास्थल से नक्सलियों के शव सहित हथियार नक्सली सामग्री बरामद किया गया है।

### नक्सलियों का शव गढ़चिरौली लाने की तैयारी

लगभग 8 घंटे तक रुक-रुककर जारी गोलीबारी के बाद घटनास्थल से तलाशी के दौरान 4 हथियारों एक एसएलआर राइफल दो आईएनएसएएस राइफल और एक 303 राइफल के साथ एक पुरुष और तीन महिला नक्सली का शव बरामद किए गए हैं।

### तलाशी अभियान जारी

मुठभेड के बाद भारी बारिश के बीच शेष बचे नक्सलियों की तलाश के लिए महाराष्ट्र गढ़चिरौली की एंटी नक्सल फोर्स क्षेत्र मे सघन तलाशी अभियान जारी किए हुए है।

# गणेश प्रतिमा खरीदने गए व्यक्ति की जेब से 65 हजार की चोरी, पुलिस जांच में जुटी



राजनांदगांव (दावा)। गणेशोत्सव की तैयारियों के बीच शहर में चोरी की एक घटना सामने आई है। प्रिंसेस पैलेस निवासी दिलीप पुजारा गणेशजी की प्रतिमा लेने बाजार पहुंचे थे। इसी दौरान भीड़भाड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने उनकी जेब से नकदी 65 हजार रूपए पार कर दिए। प्रतिमा लेने की खुशी कुछ ही देर में मायूसी में बदल गई। जब उन्हें जेब कटने का पता चला। आसपास पता तलाश करने पर भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तब वे थाना पहुंचे और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। गणेश उत्सव के चलते बाजारों में भीड़ बढ़ने से उठाई-गिरोह की सक्रियता भी तेज हो गई है। पुलिस ने घटना के बाद न केवल मामला दर्ज कर जांच शुरू की है, बल्कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। इधर पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि उत्सव के दौरान भीड़भाड़ में सतर्क रहे और अपने कीमती सामान को सुरक्षित रखें।

# जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम साय ने बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत कार्यो की गति तेज करने के दिए निर्देश

## 43 शिविरों में 2,196 लोग सुरक्षित ठहराए गए



रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जिलों बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और बस्तर में राहत और बचाव कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रभावित परिवार को असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी सक्रियता से कार्य करे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि राहत शिविरों में ठहरे सभी लोगों को भोजन, चिकित्सा सुविधा और आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने प्रशासन को बाढ़ से प्रभावित गाँवों तक तुरंत सहायता पहुँचाने और आपदा नियंत्रण कक्षों से स्थिति की निगरानी करने के आदेश दिए। उल्लेखनीय है कि लगातार हो रही बारिश से प्रदेश के चार जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, 26 और 27 अगस्त को सबसे अधिक वर्षा दंतेवाड़ा जिले में दर्ज की गई, जहाँ क्रमशः 93.7 मिमी और 118.4 मिमी बारिश हुई। सुकमा में 35 से 109.3 मिमी, बीजापुर में 34.9 से 50.2 मिमी तथा बस्तर में 67.3 से 121.3 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई जिससे 25 गाँव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

राजस्व सचिव एवं आपदा राहत आयुक्त श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने जानकारी दी कि प्रभावित लोगों के लिए 4 जिलों में कुल 43 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जिनमें दंतेवाड़ा जिले से 1,116, सुकमा से 790, बीजापुर से 120 और बस्तर से 170 , इस प्रकार कुल 2,196 प्रभावितों को राहत शिविर में ठहराया गया है। बाढ़ से अब तक 5 जनहानि, 17 पशुधन हानि, 165 मकानों को आंशिक और 86 मकानों को पूर्ण क्षति की सूचना मिली है। सभी जिलों में नगर सेना एवं एस.डी.आर.आफ के द्वारा राहत बचाव कार्य किया जा रहा है एवं राहत शिविर में ठहराये गये लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग जिलों से बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सतत संपर्क बनाये हुए है एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिला सुकमा में आपदा मित्रों के द्वारा बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु जिला प्रशासन का सहयोग किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनहानि और नुकसान पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी और पुनर्वास कार्य प्राथमिकता पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन और राहत दल लगातार सक्रिय रहें, हर जरूरतमंद तक तुरंत मदद पहुँचे और राहत सामग्री समय पर मिले।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आम नागरिकों से अपील की कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी आवश्यकता की स्थिति में तुरंत स्थानीय नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास जताया कि प्रशासन और जनता के सामूहिक सहयोग से हम इस आपदा पर शीघ्र काबू पाएंगे और प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य जीवन जल्द बहाल होगा।

# एसटी ज्वेलर्स के नाम पर डेढ़ करोड़ रुपयों की ठगी, भारी मुनाफे का झांसा देकर लगाया चूना, आरोपी गिरफ्तार

- पीड़ित ने अपने और मां के खाते के किए ट्रांजेक्शन
- पीड़ित की आरोपी से 2015 में हुई थी मुलाकात



**राजनांदगांव(दावा)। थाना बसंतपुर पुलिस ने एसटी ज्वेलर्स के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले मुख्य आरोपित हरिओम नगर निवासी सुरेंद्र सिंह (57) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित ने एक प्रार्थी से व्यापार में भारी मुनाफे का झांसा देकर करीब एक करोड़ 53 लाख 60 हजार रुपये हड़प लिए थे।**

वर्ष 2015 में प्रार्थी की पहचान संदीप सिंह राजपूत से मकाऊ में हुई थी। संदीप के जरिए उसका परिचय सुरेंद्र सिंह से हुआ। आरोपित ने स्वयं को एसटी ज्वेलर्स का मालिक बताते हुए प्रार्थी को व्यापार में शामिल करने की बात कही और हर महीने ढाई से तीन लाख रुपये मुनाफा देने का वादा किया। आश्वासन पर भरोसा कर प्रार्थी ने अपने और अपनी मां के बैंक खातों से छह सितंबर 2021 से 30 अक्टूबर 2023 तक अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर कर दी। इस तरह आरोपी ने आरोपित ने साथियों के साथ मिलकर एक करोड़ 53 लाख रुपये से अधिक की ठगी को अंजाम दिया।

प्रार्थी की शिकायत पर थाना बसंतपुर में धारा 420, 34 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने सुरेंद्र सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार किया। आरोपित से करीब 30 लाख रुपये कीमत की सोने की फुल्ली भी जब्त की गई। आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने के बाद उसे जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया। पुलिस अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है।

# एपीएल कार्डधारकों के लिए खुशखबरी : तीन सप्ताह बाद खुला पोर्टल, पांच हजार लोगों को मिलेगा तीन माह का राशन



राजनांदगांव (दावा)। तीन माह का खाद्यान्न उठाव नहीं कर पाए एपीएल कार्डधारियों के लिए अच्छी खबर है। 23 दिन बाद पोर्टल को खोल दिया गया है। अब छूटे एपीएल परिवार के कार्डधारियों को खाद्यान्न मिलेगा। पोर्टल लॉक होने के कारण जुलाई माह तक जिले के पांच हजार उपभोक्ता खाद्यान्न का उठाव नहीं कर पाए थे। उपभोक्ता अगस्त माह में उठाव करने की तैयारी में थे। इसके पहले ही पोर्टल लॉक हो गया। पोर्टल खुलने के बाद पांच हजार उपभात्ताओं को खाद्यान्न दिया जाएगा।

23 अगस्त के पोर्टल लॉक होने पर पांच हजार से अधिक उपभोक्ताओं का खाद्यान्न फंसा था। इसके बाद विभाग ने गंभीरता दिखाई और पोर्टल को फिर से खोला। पोर्टल खुलने के बाद उपभोक्ताओं ने उठाव शुरू कर दिया है।

### असमंजस में विभागीय अधिकारी

अगस्त माह तक छूटे हुए एपीएल परिवारों को खाद्यान्न का वितरण हो जाएगा। राजधानी स्तर से एक बार फिर तीन माह का खाद्यान्न एक साथ मिलने की सूचना आ रही है। लेकिन विभागीय आदेश अब तक नहीं आ पाया है। ऐसे में अधिकारी असमंजस में नजर आ रहे हैं। एक साथ खाद्यान्न वितरण होने से एक बार फिर भंडारण को लेकर स्थिति बिगड़ेगी। क्योंकि कई पीडीएस की दुकानों में एक साथ खाद्यान्न रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है।

### नई मशीनें लगने के बाद भी सर्वर स्लो

ज्यादातर पीडीएस की दुकानों में नई मशीनें इंस्टाल हो गई हैं। इसके बाद भी सर्वर की समस्या बन रही है। दो से तीन बार अंगूठा लगाने के बाद स्कैन हो पा रहा है। हालांकि पीडीएस संचालकों का कहना है कि सर्वर के चलते अंगूठा स्कैन करने में देरी हो रही है। कुछ दिनों से सर्वर को लेकर लगातार दिक्कतें हो रही हैं। इसके चलते खाद्यान्न वितरण में लेटलतीफी हो रही है। हालांकि अगस्त माह तक तीन माह का खाद्यान्न सभी एपीएल परिवारों को मिल जाएगा।

> विभागीय पोर्टल में तकनीकी दिक्कत थी, जिसे सुधार लिया है। पोर्टल ओपन हो गया है। उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है।
> – रविंद्र सोनी, खाद्य अधिकारी

# वैष्णव समाज की बैठक में राजगामी अध्यक्ष पद का दावा



राजनांदगांव (दावा)। गत 24 अगस्त को चिखली स्थित वैष्णव सामाजिक भवन में पूरे छग प्रदेश से आए वैष्णव समाज के पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों एवं मंडलेश्वर तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सामाजिक बैठक उल्लासपूर्ण संपन्न हुआ। जिसमें वैष्णव सम्प्रदाय के भगवताचार्य एवं पदाधिकारियों द्वारा समाज के उत्थान हेतु अनेक सुझाव दिए गए। समाज के लोगों को अपने धर्म के अनुसार आचरण, व्यवहार बनाए रखने तथा समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करने के लिए निर्देशित किए गए। राजगामी संपदा न्यास राजनांदगांव जो कि वैष्णव राजाओं की संपत्ति है। जिसमें आज तक किसी वैष्णव बंधुओं को अध्यक्ष का पद नहीं दिया गया। जबकि दूसरे अन्य आयोगों वगैरह में उसी समाज से संबंधित व्यक्तियों को पदाधिकारी बनाया जाता है। इसके लिए प्रशासन को आवेदन पत्र प्रेषित कर समाज के लोगों को ही उपरोक्त पद पर मनोनयन करने के लिए समाज को एकजूट होकर अपनी आवाज शासन के शीर्ष नेताओं तक पहुंचाई जाए। समाज के अनेक व्यक्ति सभी राष्ट्रीय पार्टियों में सक्रिय रूप से कार्य करते आ रहे हैं। उन्हीं पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं को राजगामी संपदा न्यास में अध्यक्ष एवं दो सदस्य बनाया जावे।

उपरोक्त बैठक में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश वैष्णव महासभा के अध्यक्ष पीडी वैष्णव भिलाई, महासचिव एलडी वैष्णव रायपुर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव राजनांदगांव, जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, राजनांदगांव वैष्णव समाज के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा जीडी वैष्णव अधिवक्ता, महामंडलेश्वर मुरलीशरण वैष्णव, उपसचिव अशोक वैष्णव, कोषाध्यक्ष प्रद्युमन दास वैष्णव, केके दास, गुलाब दास, अमीत वैष्णव, उमाकांत वैष्णव सरगुजा, ओमप्रकाश बैरागी, विश्वनाथ बैरागी रायगढ़, दिग्विजय वैष्णव, कमल वैष्णव दुर्ग, भ्रमर बैरागी लैलुंगा, राजेन्द्र वैष्णव घोटवानी साजा, मधु किशोरी वैष्णव, प्रभा वैष्णव, कमला वैष्णव, रमन वैष्णव महासमुंद, मोहन दास वैष्णव कोरिया, ब्रजेश वैष्णव अंबिकापुर, विश्वास वैष्णव, उमाकांत वैष्णव सरगुजा, मोहनदास सूरजपूर, बालेश्वर दास बागबाहरा, लखन दास, ईश्वरदास सारंगगढ़, चेलादास वैष्णव फेकारी पाटन, प्रद्युमान दास वैष्णव, दिलीप वैष्णव, सौरभ वैष्णव, अविनाश वैष्णव, बंटी वैष्णव, कमलेश वैष्णव राजनांदगांव, चेतनदास वैष्णव अंबिकापुर, पिंटु वर्मा सूरजपुर, राजेश्वर वैष्णव दुर्ग आदि अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित हुए थे। उक्त जानकारी जीडी वैष्णव राजनांदगांव ने दी।

# अंकिता वर्मा बनी ड्यू बॉल साउथ एशियन चैंपियन



राजनांदगांव (दावा)। नगर की ड्यू बॉल खिलाडी अंकिता वर्मा ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए साउथ एशियन चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। ड्यू बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा अलगप्पा यूनिवर्सिटी कराई कौड़ी तमिलनाडु में आयोजित साउथ एशियन ड्यू बॉल चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में भारत ने श्रीलंका को हराकर उक्त उपलब्धि प्राप्त की। इस प्रतियोगिता में भारत के अलावा मालद्वीव, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल की टीमों ने भाग लिया था। उल्लेखनीय है कि उक्त प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ से एकमात्र खिलाड़ी राजनांदगांव की अंकिता वर्मा का चयन भारतीय टीम में हुआ था।

जिसका कैंप 11 से 16 अगस्त तक तमिलनाडु में आयोजित हुआ। इसके पश्चात् 17 से 19 अगस्त तक उक्त चैंपियनशिप आयोजित हुई। भारतीय टीम ने अन्य सभी प्रतिद्वंदी देशों को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर चैंपियन बनी। अंकिता ने टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। अंकिता के कोच जयेश मुदलियार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि वे सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास करते रहते है तथा अंकिता की यह उपलब्धि उनके लिए बहुत ही खुशी ओर गर्व की बात है। उन्होंने आगे बताया कि अंकिता के पिता मंजीत वर्मा और माता सुनीता वर्मा हमेशा ही अपनी बेटी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। जिसकी बदौलत आज उनकी बेटी ने देश एवं अपने शहर का नाम रोशन किया है।

जीत हासिल कर अपने शहर लौटी अंकिता का स्वागत बड़े ही धूमधाम से फटाकों, बैंडबाजा के साथ किया गया। अंकित के शानदार उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ ड्यू बॉल संघ के सचिव श्रीकांत दास गुप्ता, पूनाराम यादव, रीतेश देवांगन, अखिलेश मिश्रा, विमल शर्मा, आदर्श गुप्ता, श्रद्धा गुप्ता, तरुण भास्कर गुप्ता, वरुण भास्कर गुप्ता, श्रेयांश राव, शैल साहू, कल्पेश चौहान, लक्ष्मी चौहान, सुभाष रामटेके, नवरत्न बावने, हिमांशु साहू, चंदन साहू, भारती यादव, वर्षा केहरी, धनश्री अवथनकर, तनुश्री केहरी, अंकुर सिंह, मनप्रीत वर्मा, सुरेखा वर्मा, सरिता वर्मा, अर्चना वर्मा, चंचल वर्मा, लतिका यादव, मोहनीश वर्मा, सोनल मरकाम, सुषमा साहू, भूमि कोचर सभी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

**आवश्यकता है**
प्रेस में रात्रिकालीन चौकीदार, हेल्पर एवं ड्रायवर की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।
संपर्क :- दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726




# ग्राम लिटिया में ग्रामीणों के सहयोग से घुमंतू पशुओं के लिए गौठान में चारा-पानी की व्यवस्था



- गौठान में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगभग 72 पशुओं को दूसरे स्थानों एवं घुमंतू पशुओं को रखने से हुई अव्यवस्था
- गौवंशों का गौशालाओं में किया जा रहा विस्थापन

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम लिटिया में ग्रामीणों के सहयोग से घुमंतू पशुओं से फसल की सुरक्षा से एवं सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए लगभग 30-35 पशुओं के लिए ग्राम के गौठान में चारा-पानी की व्यवस्था की जा रही थी। गौठान में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगभग 72 पशुओं को दूसरे स्थानों एवं घुमंतू पशुओं को रख दिया गया था। विगत दिनों जिले में लगातार बारिश के चलते गौठान में 4 पशु निमोनिया से पीड़ित हो गए और अचानक उनकी मृत्यु हो गई। पशुधन विभाग के माध्यम से शेष गौवंशों का उचित उपचार किया गया।

जिला प्रशासन द्वारा गौवंशों के संरक्षण के लिए यशोदा गौशाला सुकुलदैहान, श्रीकृष्ण गौशाला डोंगरगढ़, गौशाला पिंजरापोल, बजरंग दल द्वारा संचालित गौशाला, मां बंजारी गौशाला बरगाही में विस्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम के सहयोग से काऊ कैचर के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से यशोदा गौशाला सुकुलदैहान में 28, गौशाला पिंजरापोल में 10 एवं बजरंग दल द्वारा संचालित गौशाला में 5 गौवंशों को विस्थापित किया गया है। शेष गौवंशों के विस्थापन की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे गौवंश जिनमें टैग लगा हुआ है और उन्हें खुले में छोड़ दिया गया है। ऐसे पशुमालिकों के विरूद्ध दंडात्मक एवं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com